SHRI AJIT P. K. JOGI: Kindly give your ruling on this. (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): It was decided in the Business Advisory Committee and 1/1-2 hours' time was allotted for this purpose. One hour is already over and only four speakers have spoken so far. Sixteen Members have to speak. Do you think that I should go on like this? (*Interruptions*)

Sixteen Members are there who want to speak. It is not that only Mr. Jogi is there. I have to take care of all of them. (*Interruptions*)

SHRI ANAND PRAKASH GAUTAM:*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I don't want this kind of comments. This kind of remarks will not go on record. (*Interruptions*) The House cannot be run like that. It has to be run according to the wishes of the BAC. Yes, Mr. Gurudas Das Gupta, last point.

*Not recorded.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: I shall not be off the mark. I belong to the upper caste. (*Interruptions*). I submit, because I belong to the upper caste, I have a sense of humiliation. I feel molested by them. My conscience feels molested because the so-called upper caste has been responsible for the train of incidents. I feel myself molested.

Lastly, those people had some profession. They may be making shoes or they may have something to do with animal skin. They have lost everything. Their houses have been burnt. The most important point which I would like the House to consider is that these labourers are not being given jobs and atrocities on them are still continuing. The people who can give jobs to them whether in farming or in contract work, all belong to the higher castes. The higher caste people have virtually boycotted these labourers belonging to the lower castes. They don't have anything to eat. We do not want these people to be beggars, to be at the mercy of the Government doles. I would like to know whether the Government will take steps to break this boycott and compel the contractors and zamindars, by dint of law, to take the services of these people who have suffered atrocities at their hands and who unfortunately belong to the lower castes.

The second part of my last question is that they have given very little relief. The people who have died have been given Rs. one lakh. The people who have not died but have suffered grievous injuries... That is the differentiation we are making—the family of a person who died gets Rs. one lakh, but a person who has been totally incapacitated because of the serious injury has been given a paltry sum of Rs. 3,000/-. A man who has the misfortune of still living is being denied for the second time by the Government and the blindness of the Government—whether Central or State, I don't know, Sir. This is a blindness. This is the role of abettor. This is the role of abettor. Therefore, part (b) of my question is this: when the Prime Minister's Relief Fund has been generous towards the victims of firing in Madhya Pradesh, why cannot the Prime Minister be generous with regard to the victims of the social riot in this part? I want the Prime Minister's Relief Fund should give them at least Rs. 50,000/- ..... (*Interruptions*).... Part (c) of my question is... (*Interruption*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): This is very unfair.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Last sentence...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): This is very unfair.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Last sentence. Since the situation there is still grave, I implore the Government to sponsor an all-party delegation. Sir, there must be an equation between your profession, promise and your practice. Therefore, don't leave everything to the BJP Government. Don't leave everything to them. Don't rely on the report. Let there be a delegation, if you are serious. Let there be an all-party delegation, either formal or informal, either accompanied by the Minister of State or not accompanied by the Minister of State. I feel equally bad because you cannot be under the impression that everything there will be done according to the law by the Government elected there. They are not doing, they are not moving according to the law. Therefore, nobody is arrested. The people who have been named have not been arrested even after on and a half months. Where is the law? Do you believe, Sir, the people will obey the law if you violate the law in any part of the coun-

try? If they do not implement the provisions of the Indian Penal Code, then what is the obligation on the part of others to conform to the provisions of the law in other parts of the country? Not one or two person have been arrested. The real leaders, real leaders of the genocide,—I call it 'genocide'—have not been arrested. Therefore, when are they going to be arrested? How is their arrest going to be ensured? Does the Government consider it necessary to send a delegation there? If we send a delegation, that will give a signal to the Government there; otherwise, the Government there will sit tight and send you all fabricated reports.

श्री अनन्त राम जायसवाल (उत्तर प्रदेश) : मान्यवर उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं शुरू में ही गृह राज्य मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि जो वक्तव्य उन्होंने दिया है क्या वह राजस्थान सरकार द्वारा भेजे गये वक्तव्य के आधार पर दिया है या माननीय मंत्री जी ने खुद अपनी तरफ से जांच पड़ताल करने के बाद में वक्तव्य दिया है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): He asked question whether this is based only on the report of the U.P. Government or you have made any inquiry.

SHRI ANANT RAM JAISWAL: He doesn't care to listen to me.

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): No, no; he has gone there.

SHRI M. M. JACOB: I have made it clear in my statement earlier also. That is based on the report of the U.P. Government.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): What he wants to know is whether you have made any inquiry.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: What is the source of information?

SHRI V. NARAYANASAMY: There are two reports, one the Rajasthan Government report and the other your report. Which report is correct, that is the point here.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: I formulate my question: whether this report is made on the basis of the report submitted by the State police or you have your own source of information or it is a combination of the two reports.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): No; it is based on the State Government report. But what he has asked is whether the Central Government have made any inquiry to find out whether their statement is correct or not... (*Interruption*)...

श्री अनन्त राम जायसवाल : यह सवाल उठाने का मेरा मतलब इसलिए था कि जो वक्तव्य आया है उसका झुकाव साफ तौर से जाटवों के खिलाफ और जो अतातायी जाट हैं उनके पक्ष में है। यह झुकाव साफ तौर पर है। मिसाल के तौर पर इसमें कहा गया है कि जो नौजवान जाटव सिनेमा के लिए गये वे बगैर टिकट गये। लेकिन घटना स्थल पर जाकर मुझे खुद लड़कों ने जानकारी दी और उन्होंने बताया कि वे टिकट लेकर गये थे तथा उन्होंने उन टिकटों के काउंटर पार्ट के या टिकट के भी फोटो स्टेट कराकर अपनी रिपोर्ट जो थाने में दाखिल की उसके साथ दाखिल किये। तो इससे साफ लगता है कि झुकाव दूसरी तरफ है और फिर गुरुदास दासगुप्त जी के आरोप को भी बल मिलता है कि क्या राज्य सरकार भी इसमें शामिल है ? यह इनको बल मिलता है। मैं यह कहना चाहता हूं कि जरा आप इसे गौर से देखिए घटनाक्रम से। पहली घटना पहली तारीख को होती है। जब कुछ जाटवों के लड़के टिकट ले कर सिनेमा देखने जाते हैं। गलती उनकी क्या है कि उन्होंने फर्स्ट क्लास का टिकट लिया। फर्स्ट क्लास का टिकट लेकर इच्छा थी कि फर्स्ट क्लास की कुर्सियां जो उसके

[श्री अनन्त राम जायसवाल]

लिए हैं उन्हीं पर वे बैठे । वहां पर उनको बैठने नहीं दिया गया । उनको बाहर निकाल दिया गया । उन्होंने मैनेजर वगैरह से शिकायत की उस पर कुछ नहीं हुआ बल्कि उनको पीटा भी गया । थाने गए, वहां उन्होंने रपट दर्ज करा दी । यह पहली तारीख की घटना है । इस घटना से 6 तक पहुंचते-पहुंचते करीब-करीब एक हफ्ता लग जाता है । इस एक हफ्ते में प्राय: रोज कोई न कोई ऐसी घटना जरूर होती रही है जिससे यह पता चलता था कि कोई बड़ा विस्फोट होने वाला है । इसमें जरा भी शक नहीं रहता । मिसाल के लिए इन जाटों में मतलब जाट लड़कों में रिएक्शन क्या हुआ ? रिएक्शन यह हुआ कि इन्होंने जलूस निकाला कुछ नारे लगाए लेकिन इसी के साथ यह खबर फैलाई गई मैं यह कहना चाहता हूं कि जान-बूझकर यह समाचार फैलाया गया अफवाह फैलाई गई कि बस पर जो हमला हुआ है उसमें स्त्रियों के साथ ज्यादती की गई है । यह बात फलाई गई । क्योंकि इस का कोई सबूत वहां पर खास तौर से नहीं मिलता है और जो बात थी तो वह मौके पर जब बात होती है तो उसमें सब चीजें खुल जाती हैं । उससे लगा कि यह गढ़ी हुई है और इसको उत्तेजना फैलाने की नीयत से किया गया है । तो यह बात फैलाई गई कि कुछ महिलाओं के साथ भी इन जाटवों ने ज्यादती की जो प्रदर्शन निकाल रहे थे या बस पर जिन्होंने हमला किया था । नतीजा है कि जो गर्मी फैलनी है वह तो फैल ही रही थी तो फिर 3 तारीख को भी घटना होती है कि कुछ मजदूर अपने काम से लौट रहे थे उनको मारा गया । उसकी रपट लिखाने की कोशिश की गई वह लिखी नहीं गई । तब सड़क जाम होती है । सड़क जाम के बाद वहां पर कप्तान साहब आते हैं । तब रिपोर्ट दर्ज की जाती है और 4 तारीख को जाटवों का पानी ही काट दिया जाता है । फिर 5 तारीख को भी पानी काटा जाता है । साथ ही साथ, जाटवों की बस्ती में आग लगा कर उनके 35 घर फूंक दिए जाते हैं । एक दूसरी जाटव बस्ती में ये लोग फाइरिंग करते हैं जाट लोग । इस गांव में भी यहां पर यह कुम्हेर है तो कुम्हेर में भी फाइरिंग होती रही जाटवों को आतंकित करने के लिए और दूसरी बस्तियों में भी होती रही तथा ये घटनायें बराबर होती रहीं ।

मान्यवर, मेरा पहला सवाल है कि जब इस तरह की घटनायें होती रही हैं तो रोकथाम की कोई कार्यवाही की गई जिससे यह घटना न हो और सार्वजनिक शांति भंग नहीं हो ? इसको रोकने के लिए क्या कोई उपाय किया गया ? अगर उपाय नहीं किया गया तो क्या मंत्री जी इस चीज को ध्यान में रखकर, मतलब जो है वहां के लोगों के साथ जो जांच चल रही है अलग-अलग तो उसमें इसको भी ध्यान में रखा जाए, इसके लिए कार्यवाही करेंगे ? दूसरी चीज मैं यह कहना चाहता हूं कि इन घटनाओं को ले करके जाटों ने गांव-गांव पंचायत की और चार तारीख से पंचायतें शुरू हो गई । जब चार जून से ये पंचायतें शुरू हो गई थीं तो ऐसा नहीं हो सकता है कि पुलिस या रेवेन्यू विभाग के अधिकारियों या कर्मचारियों की जानकारी में यह बात न आई हो ? जहां तक मुझे मालूम है जब यह पंचायत हो रही थी बडी तो उसकी सूचना 5 तारीख को ही पटवारी ने तहसीलदार को दी । तहसीलदार ने उसको पास आन कलेक्टर को किया और कलेक्टर ने शायद कुछ भी कार्यवाही की हो, यह मेरी जानकारी में नहीं आया, लेकिन यह जानकारी वहां के अधिकारियों को थी कि इस तरह की खिचडी पक रही है । फिर जो है 6 को जब वह आए हैं तो ऐसा नहीं है कि चोरी-छिपे से आ जायें ट्रैक्टर में भर कर आए हैं और सलाह के साथ आए हैं ।

और जब वह इस तरह से आ रहे हैं, तो उपाध्यक्ष महोदय वहां पुलिस है, एक टाउन एरिया कमेटी है, तहसील हैडक्वार्टर है और थाना है और हमें सूचना मिली है कि आसपास के स्टेशनों से भी फोर्स मंगा ली गई थी । फिर वहां राजस्थान आर्म कांस्टेबलरी के लोग भी मौजूद थे और भी बडे अफसर वहां मौजूद थे तब वहां 5-6 हजार आदमी आ जाएं और पूरे गांव में एक साथ बस्ती को

फूंक दिया जाय, लूटमार होने लगे, कत्ल होने लगे, तो इससे भी ज्यादा कोई उचित केस था जिसमें कि फायरिंग की जाती । जब लोग लूट रहे थे, जान से मारे जा रहे थे, घर जलाए जा रहे थे तो यह सबसे ज्यादा उचित केस था जहां पर कि फायरिंग ओपन करनी चाहिए थी, लेकिन वहां न तो कहीं आंसू गैस का पता है । उपाध्यक्ष महोदय, पुलिस को तो एक कंकडी भी लग जाती है किसी इंसीडेंस में तो वहां पर गोली चल जाती है, पर इतनी बडी घटना हो जाए, जहां कि निर्बल वर्ग के लोग, जाटव लोग मारे जा रहे थे, लूटे जा रहे थे और उनके घर जलाए जा रहे थे, लेकिन वहां पर न तो आंसू गैस छोडी जाती है और न कहीं फाइरिंग की जाती है । मैं जानना चाहता हू कि क्या मंत्री जी का ध्यान इस तरफ गया है ? उपाध्यक्ष महोदया, हम को वहां बताया गया कि वहां का डी०एस०पी० हरिजन था, उनका संबध हरिजन जाति से था, शायद वहां के कलेक्टर भी अनुसूचित जाति के ही थे उस वक्त, लेकिन वहां के एडीशनल एस० पी० के बारे में शिकायत है कि वह जाटव थे और उन्होंने इन घटनाओं को बल दिया । उपाध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि आजकल कलेक्टर, तहसीलदार वगैरा का कोई मतलब नहीं रह गया है क्योंकि इनके हाथ में पुलिस है ही नहीं । उपाध्यक्ष महोदय, मैंने कितने कलेक्टरों को रोते देखा है ।

They were actually in tears while narrating how they were treated by S. P.

यह हमसे बात की है लोगों ने । तो असल बात यह है कि उनके बस में तो कुछ है नहीं । इस तरह की यह घटना हो रही थी और वहां पर चीफ सक्रेटरी मौके पर आ गए, वहां कप्तान मौजूद थे, वहां कलेक्टर मौजूद थे और यह सारी घटना हो रही है, लेकिन पूरी घटना में आप देख लीजिए कि रोकथाम के लिए कोई कार्यवाही नहीं है, बिल्कुल नदारत है, मूक-दर्शक बने हुए हैं और 7 तारीख को तो क्लाइमैक्स हो जाता है । सात तारीख को यहां राजस्थान के स्टेट मिनिस्टर माननीय दिग्विजय सिंह खुद मौजूद थे और 7 तारीख को भी कत्ल हो जाता है जिसमें कि 4 आदमी मारे जाते हैं । तो यह सारा मामला एकतरफा है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मरने वालों में 15 आदमी बताए जाते हैं और मैं मानता हूं कि वह बात सही होगी क्योंकि हर मरने वाले के आश्रित को एक लाख रुपया दिया गया है । उपाध्यक्ष महोदय, हिंदुस्तान जैसे गरीब देश में यह रकम मामूली नहीं है मतलब यह है कि अगर इतनी रकम मिले तो जिसका आदमी मरता वह क्लेम के लिए जरूर हल्ला मचाता, लेकिन इस तरह का कोई हल्ला हम को वहां सुनने को नहीं मिला । इसलिए मैं मानता हूं कि 15 आदमी वहां मारे गए । पंद्रह बेशकीमती जानें वहां गयीं । . . . (**व्यवधान**) . . . कुछ बताते थे कि 4 लोग मिसिंग हैं, लेकिन वह मिल गए हैं, अइडेंटीफाय हो गए हैं । यह वहां पर बताया गया है और अगर आपको कोई जानकारी हो तो जोड़ दीजिए । मैं विश्वास करता हूं कि यह तादाद छिपायी नहीं जा सकती, खासकर उस वक्त जबकि उनको इतना बडा मुआवजा मिल रहा हो ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, एक और बात यहां पर ध्यान देने वाली है कि जाटव आम तौर पर खेत मजदूर हैं और जाट जोतदार किसान हैं । उनको अपने खतों पर काम करने के लिए खेत मजदूर चाहिए । जाट और जाटवों के इस तरह के आर्थिक संबंध हैं, लेकिन इनके संबंधों की जगह निहित स्वार्थों ने ले ली है । अब यह निहित स्वार्थ घृणा में बदल गया है । वे कभी नहीं चाहते कि जाटव लोग बराबरी में आ जायें । यहां के जाटों की विशेषता यह भी है कि इनमें से कुछ खेती भी अच्छी करते हैं । फिर इनके हाथ में पटाखे बनाने का हुनर है और उससे इनको एडीशनल इनकम भी होती है । ये वेल अॅफ भी हैं । इनके घर वगैरा देखकर लगता है कि ये सचमुच वेल अॅफ हैं ।

[श्री अनन्त राम जायसवाल]

यह सचमुच वेलआँफ हैं, पढाई लिखाई में भी । यह चीज जो है जमी नहीं वहां के सवर्ण लोगों को, खासकर के जाटों को, जहां खेत मजदूर और किसान का संबंध है । यह चीज है, आप पूरी इस पट्टी में चले जाइए । अभी महराना में आपने देखा, यह जो मथुरा के पास हुआ कि दो जाटव नौजवान और एक जाट की लडकी, तीनों को दिन दहाडे फांसी लगा दी गई पंचायत करके । इस तरह का अंधेर होता है, जैसे कोई कायदा कानून ही नहीं रहा । यह सब आपके पडोस में ही हो रहा है, आगरा में देखिए, खाली इतना कि वहां जाटव लोगों ने उस बस्ती से बारात निकाल दी, जहां पहले नहीं निकला करती थी, जाटवों में दस्तूर नहीं था । इस तरह आप देखिए कि बलवा हो जाता है । कोई इतना बड़ा प्रोवोकेशन भी नहीं है, जिसकी वजह से इतना बड़ा कांड हो जाए । मामूली-मामूली बात पर इतना बड़ा कांड हो जाता है । इसमें मान्यवर, आर्थिक सवाल जुड़ा है, सामाजिक सवाल जुडा है । यह बदकिस्मती है हमारी, बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश में यह हो रहा है । जात के बधन जो गांधी जी की अगुवाई में थोड़े ढीले हुए थे, अब वह बहुत ही कट्टर बनते जा रहे हैं ।

मान्यवर, एक चीज मैं कहना चाहता हूं इस माननीय सदन में और पूरे जोर के साथ कहना चाहता हूं कि जब-जब जांत के बंधन ढीले हुए है तब-तब इस देश की तरक्की हुई है, देश ऊपर गया है । चाहे आप गांधी जी का युग देख लीजिए, चाहे चाणक्य का युग देख लीजिए । यह गौतम बुद्ध की देन थी । लेकिन, जब-जब जांत के बंधन कट्टर हुए हैं तब तब यह देश अवनत हुआ है आज हम उसी हालत में है । आज यहां देखो, वहां यह चीज हो रही है । इसलिए मैं सब साथियों से विनती करना चाहता हूं, खासकर के जो उधर बैठे हुए भाई है उनसे, कि अगर आप देश को गौरव के स्थान पर ले जाना चाहते है, जैसा आप कहते है, रोज नारा लगाते है, तब फिर यह वर्ण व्यवस्था में जो आपका विश्वास है इसको आपको कम करना पड़ेगा, जातीय कट्टरता को ढीला करना पड़ेगा । यह मेरा सारे साथियों से कहना है कि जैसा गांधी जी के वक्त में जो जात का बधन ढीला हुआ था उसके लिए चाहे एक आंदोलन चलाना पड़े, लेकिन इस काम में हम लोगों को जुट जाना चाहिए ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैंने इस सदन की मार्फत जो सवाल माननीय गृह मंत्री जी के सामने रखे हैं, मुझे उम्मीद है कि जब वह अपना जवाब देंगे तो उन सवालों का भी उसमें ध्यान रखेंगे । बहुत-बहुत आपको धन्यवाद ।

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) : मान्यवर, उपसभाध्यक्ष महोदय, आदरणीय जायसवाल जी ने मेरा वजन बहुत हल्का कर दिया और उन्होंने कुछ तथ्यों पर प्रकाश डाला । मुझे गृहमंत्री जी का वक्तव्य पढ कर दुख हुआ और मैं इसे राज्य सरकार द्वारा दिया गया वक्तव्य या भेजा गया वक्तव्य नहीं मानता । गृह मंत्री जी ने चूंकि कहा है कि वह 15 तारीख को कुम्हेर गए थे और उन्होंने सारी सिचुएशन को असेस किया, लिहाजा मैं उन्हीं का यह बयान मानता हूं । उनका यह बयान पढकर मुझे अत्यंत दुख हुआ कि किस प्रकार से इसमें तथ्यों को झुठलाया गया है ।

मान्यवर, जायसवाल जी ने वहां का केवल एक हवाला दिया । इसमें तो सारा आरोप उन जाटवों पर लगाया गया है । इस वक्तव्य से ऐसा आभास होता है कि इस सारे कांड के लिए वे जाटव ही दोषी हैं । मैं विनम्रता के साथ पार्टी लाइन से ऊपर उठकर, एक देश-भक्त के नाते एक बात कहना चाहता हूं कि यह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लोग इस देश में हजारों सालों से शोषित हैं, दलित हैं, पीड़ित हैं, तिरस्कृत है, बहिस्कृत हैं, अपमानित हैं, गरीब हैं और जुल्म और अत्याचार के शिकार हैं इसका कारण क्या है ? कारण यह है कि इस देश की व्यवस्था में इनको कोई अधिकार नहीं मिला, केवल कर्तव्य मिला । यह इस कर्तव्य का पालन

वफादारी से, देश की सेवा, देश के निर्माण में मानव मूल्यों को बनाए रखकर करते रहें । लेकिन, उसका भी सिला जब इन्हें पूरा नहीं मिला और इन्होंने जब सिला मांगा तो इन पर इस प्रकार के जुल्म और अत्याचार ढाए गए । मैं क्षमा चाहूंगा, अपने भाइयों से, कि यहां पर विभिन्न धर्मों के साम्राज्य बदल गए । मुसलमानों का भी राज आया, उन्होंने भी इस व्यवस्था को स्वीकार कर लिया, उन्हें भी दया नहीं आई इस व्यवस्था को बदलने में, ईसाइयों का राज इस देश में रहा, सिखों का राज रहा, लेकिन व्यवस्था पर चोट किसी ने नहीं की । . . .

4.00 PM

व्यवस्था पर चोट हुई तो 1844 के बाद, जब देश में महर्षि दयानन्द का मूवमेंट चला, आर्य समाज वैसा मूवमेंट चला, ब्रह्म समाज का मूवमेंट चला, विवेकानन्द जी आए, पेरियार रामस्वामी नायकर जी आए, बाबा साहेब डा० अम्बेडकर आए, गांधी जी आए और जब इन सब बातों को इन्होंने गंभीरता से सोचा-विचारा तो निर्णय लिए, संविधान में प्रावधान बने और इसीलिए यह संकल्प लिया गया कि इस अभिशाप को समाप्त करने के लिए और हम कारगर कदम उठाएंगे, लेकिन मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि शासन तो समानता अनेक बदले लेकिन उनका क्रियान्वयन नहीं हुआ । मैं अगर सारे आंकड़े पेश करूंगा तो बड़ा समय लगेगा । सरकार चाहे किसी पार्टी की रही हो और मुझे खुशी है कि यहां पर लोगों ने किसी दल की बात नहीं कही है । मैं स्वयं किसी दल की बात नहीं कहूंगा । आपको ज्ञात होगा कि बिहार में पिपरा कांड हुआ, बेलची कांड हुआ, 50-50 आदमी अनुसूचित जाति के मारे गए, कांग्रेस का राज था । जब जनता दल का राज है,—बारसवीघा कांड हुआ, गया कांड हुआ । उत्तर प्रदेश में गाजीपुर में कांड हुआ, 7 आदमी जिंदा जलाए गए ।

एक माननीय सदस्य : राजस्थान के बारे में भी बोलिए ।

श्री संघ प्रिय गौतम : अभी बोलता हूं सुनिए तो । . . . **(व्यवधान)** . . .

श्रीमती सत्या बहिन : राजस्थान का नहीं बताया ।

श्री संघ प्रिय गौतम : वह भी बताऊंगा जरा शांति रखिए । . . . **(व्यवधान)** . . . अल्मोड़ा में कफलटा में 16 आदमी जिंदा इसलिए जला दिए गए कि दुल्हा बारात लेकर, सैंडयूल्ड कास्ट का, मंदिर से होकर निकल रहा था । आदरणीय श्री वी० पी० सिंह साहब मुख्य मंत्री थे यू०पी० के, देवली कांड हुआ, 27 आदमी काट दिए गए । तेलगु देशम की हुकुमत थी, चांदापुरा कांड हुआ, 20 आदमी मारे गए । आन्ध्र प्रदेश में अभी पिछली बार 28 आदमी मारे गए । तेलगु देशम की हुकुमत थी, 13 आदमी मारे गए । कर्नाटक के अंदर टट्टी खिलाई गई । आपके गुजरात के अंदर जब आरक्षण विरोधी अभियान चला तो स्वयं कांग्रेस के एम०पीज० के कारखाने जलाए गए । जग-प्रसिद्ध मराठवाड़ा विश्वविद्यालय का आन्दोलन चला, महाराष्ट्र के अंदर दलितों के घर जलाए गए, उनकी आंखें निकाली गई, मारा गया । माननीय सदस्य को मैं यह बताना चाहता हूं कि कोई राज्य या सरकार ऐसी नहीं बची कि जहां दलितों पर जुल्म और अत्याचार न हुआ हो । मैं तो इस सदन से पूछना चाहता हूं कि यह जो भयानक कांड राजस्थान में हुआ, मैं स्वीकार करता हूं कि यह बड़ा घिनौना और निन्दनीय कांड था, लेकिन पहले मैं सदन से यह पूछना चाहता हूं कि यह ध्यानाकर्षण प्रस्ताव क्या केवल थोथे आंसू बहाने के लिए है क्या औपचारिकता पूरी करने के लिए है ? अगर केवल ध्यान आकर्षित ही करना है तो वह तो मशीनों से समाचार-पत्रों ने कर दिया है । विभिन्न दलों के, संस्थानों के जो शिष्ट मंडल गए हैं, उनके वक्तव्यों ने कर दिया है । हम यहां केवल रस्म-अदायगी के लिए नहीं बैठे हैं, हम यहां इसलिए बैठे हैं कि क्या इन कांडों को रोका जा सकता है ? क्या अपराधियों को सजा दिलवाई जा सकती है ? क्या इस देश के अंदर भाईचारे का वातावरण पैदा किया जा सकता है ? पिछले कांड मैंने इसलिए दोहराए कि किसी जालिम को सजा नहीं हुई । कफलटा में सब बरी हो गए, देवली में किसी को सजा न मिली, आंध्र में सिंदूर में कोई गिरफ्तार नहीं हुआ और यह

[श्री संघ प्रिय गौतम]

जितनी न्यायिक जांच होती है और सी०बी०आई० की जांच होती है, क्योंकि मैंने वकालत की है और 30 साल तक व लीडिंग एडवोकेट रहा हूं, मैं उनके रिजल्ट भी जानता हूं--उनका रिजल्ट होता है मुलजिमों का छूटना। मैं ज्यूडिश्यरी पर आरोप नहीं लगा रहा, मैं अनुभव से तथ्य बता रहा हूं कि अपराधियों को जमानत देना और सरकारी निर्णयों व निर्देशों के खिलाफ स्थगन आदेश देना, यह ज्यूडिश्यरी का एक शौक बन गया है आज और इसलिए किसी को सजा नहीं मिल पाती।

मान्यवर, मैं तीन-चार प्रश्न पूछना चाहता हूं जो इस स्टेटमेंट से निकलते हैं। . . . (*व्यवधान*) . . .

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देशाई) : आप प्रश्न पूछ लीजिए ।

श्री संघप्रिय गौतम : जी, मैं प्रश्न पूछ रहा हूं ।

वहां की सरकार ने पिछली सरकारें जिस ढंग से कार्रवाई करती आई हैं, मुझे खुशी है कि तुरन्त कार्रवाई की और मुआवजा भी दिया। लेकिन इस मुआवजे और कार्रवाई से अपराधियों को सजा मिल जाएगी? नहीं मिलेगी । इसमें चार तथ्य बिल्कुल सामने हैं ।

पहला, यह कि कुम्हेर में स्थित पैट्रोल पम्प से पैट्रोल लेकर आग लगायी गयी । सारे गांव के चारों तरफ आग लगाई गई, घरों में लगाई गई । क्या पैट्रोल पम्प आग लगाने के लिए होता है? बन्दूक का लाइसेंस मिलता है अपनी सुरक्षा के लिए । यदि बंदूक डकैती में चले तो लाइसेंस भी जब्त होता है और मुकदमा भी चलता है । क्या गृह मंत्री जी, आपका पैट्रोलियम मंत्रालय इस पैट्रोल पम्प का लाइसेंस रद्द करेगा? जिस पैट्रोल पम्प के मालिक ने पैट्रोल दिया है, क्या आप उसको मीसा में, टाडा में या नेशनल सिक्योरिटी एक्ट में बंद कराएंगे? यदि नहीं बंद कराएंगे तो किसी अपराधी को सजा नहीं मिलने वाली है। . . . (*व्यवधान*)

Please have patience.

मेरे अंदर आपसे ज्यादा जज्बात हैं मैं भुक्तभोगी हूं । मैंने जीवन भर इस समाज की लड़ाई लड़ी है । आपको मालूम है . . . (*व्यवधान*)

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देशाई) : सत्या बहिन, बोलने दीजिए उनको ।

श्री संघ प्रिय गौतम : मैंने अपना सारा परिवार खो दिया है । मुझे इन्होंने भावुकता में ला दिया है । मेरे फादर की डैथ हुई, मैं आंदोलन में था। मेरी मदर की डैथ हुई, मैं आंदोलन में था। मेरा ऑनली नैफ्यू मरा, मैं मीटिंग में था । मैं 6 दिसम्बर 1965 को बम्बई में मीटिंग में था, तब मेरी पत्नी का अपहरण हुआ और यहीं उसकी विठ्ठलभाई पटेल हाऊस में हत्या हुई । मेरे दो नन्हे-नन्हे बच्चे रहे । एक लड़की मैंने पढ़ाई-लिखाई बच्चों को मैंने पाला, बच्चे मेरे एक्सीडेंट में मर गए । केवल इन्हीं कारणों से । मेरी भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाइये । मैंने जिंदगी भर इस समाज की लड़ाई लड़ी है । मैं समस्या का समाधान चाहता हूं । इसलिए मैं आपसे कहना चाहता हूं कि अगर इस समय उसके पैट्रोल पम्प का लाइसेंस रद्द हो जाए और उसको मीसा में बंद कर दिया जाये तो क्या यह कांड प्रिवेंट नहीं हो सकेंगे?

मान्यवर, लिखा होता है कि ट्रैक्टर-ट्रोली कृषि कार्य के लिए होते हैं । बारात ले जाने के लिए नहीं होते हैं या घरों में आग लगाने के लिए नहीं होती । तो जिन ट्रैक्टर-ट्रोली के मालिक तीन गांवों के हैं और खास तौर से पैनगोर गांव के जहां पर तीन दिन मीटिंग हुई, क्या उनके ट्रैक्टर-ट्रोली जब्त किये जाएंगे? क्यों नहीं किए गये और उनके मालिकों को मीसा में क्यों नहीं बंद किया गया? क्या ऐसा किया जाएगा?

तीसरी बात, मैं पुलिस निलम्बन को कोई कार्रवाई नहीं मानता । पुलिस वाले चाहे बीम थे,

यह मैंने माना । राजस्थान में पुलिस कम है और मैंने यह भी माना कि उस क्षेत्र में पुलिस ज्यादा लगी है । लेकिन में आपसे पूछना चाहता हूं जैसा जायसवाल जी ने कहा, वह बात उन्होंने छोड दी । इतनी बड़ी भीड़ आग लगा रही है, आदमियों को मार रही है तो पुलिस वालों ने गोली क्यों नहीं चलायी ? पैरों में ही गोली मारते, हाथों में गोली मारते । तो इससे क्यों न यह निष्कर्ष निकाला जाए कि यह पुलिस वाले भी उसमें शामिल हैं । इसलिए उन पुलिस वालों के खिलाफ लूट, कत्ल और आगजनी के मुकदमे कायम करके क्या उनको जेल भेजा जाएगा ? क्या मंत्री जी, ऐसा करेंगे? यदि यह कर दिया जाए तो फिर इन कांडों की पुनरावृत्ति नहीं होगी ।

अब चौथी बात मैं कहना चाहता हूं । वह तो बहुत बड़ी बात है, वह तो शायद नहीं कर पाएंगे । लेकिन दो पुलिस वाले जब किसी गांव में जाएं और दो पुलिस वालों को पीटकर गांव वाले घर में बंद कर लें तो अगले दिन सारे जिले की पुलिस इकट्ठी होकर सारे गांव को मारती है । तो मैं यह पूछना चाहता हूं कि जिस बिरादरी और जिस गांव के लोग कांड में शामिल हैं, क्या इन पर सामूहिक जुर्माने किए जाएंगे ? इनको सम्पत्ति कुर्क की जाएगी, जिससे यह या दूसरे लोग दोबारा ऐसा काम न करें । अब अंतिम सवाल है— समाज सुरक्षा का । आज से कुछ दिन पहले एक "विलेज डिफेंस स्कीम" चली थी । गांव के प्रधान को या विशेष व्यक्ति को गांव की सुरक्षा के लिए बंदूक का लाइसेंस दिया जाता था और बन्दूक खरीदने के पन्द्रह सौ रुपया भी दिया जाता था । यह अनुसूचित जाति के लोग और जाटव लोग खास तौर से अम्बेडकर वादी हैं । यही तो शैड्यूल्ड कॉस्ट फेडरेशन में गये, यही रिपब्लिकन पार्टी में गये, यही बहुजन समाज पार्टी में गये. यही जनता दल के साथ गये । इन्होंने ही बौद्ध धर्म को अपनाया । यही अम्बेडकर की प्रतिमा लगाते हैं, यही अम्बेडकर के जन्म दिन पर छुट्टी की मांग करते हैं । यह स्वाभिमानी हैं, यह सम्मान की जिंदगी बिताना चाहते हैं । इन्होंने कुम्हेर में बंदूकों के लाइसेंस मांगे लेकिन "चौबे जी गए थे छब्बे होने, दुबे जी रह गए" । एक के पास लाइसेंस था, उसको पुलिस वाले गिरफ्तार करके ले गए, उसकी बंदूक को भी ले गए । स्टेट गवर्नमेंट और पुलिस तो इन्हें बंदूक देगी नहीं चाहे सरकार किसी पार्टी की हो, क्या वह विलेज डिफेंस स्कीम की तरह शैड्यूल्ड कास्ट डिफेंस स्कीम के नाम पर जहां-जहां इस तरह के कांड हुए , या होने की संभावना है, वहां जो लोग लाइसेंस मांगेंगे क्या उन्हें लाइसेंस दिए जाएंगे । अगर यह नहीं होता है तो फिर यह सब घड़ियाली आंसू रहेंगे । दलितों का भविष्य बिलकुल अधर में रहेगा ।

मान्यवर, विनम्र शब्दों में से एक आखिरी बात कहना चाहता हूं । इस बात को हिंदुओं से न जोड़ा जाए और न शैड्यूल्ड कास्ट से जोड़ा जाए । ये जाट और जाटवों का झगड़ा है और यह इलाका आगरा, मथुरा, भरतपुर पनवारी से मिला हुआ है । पनवारी कांड हुआ वह सारे लोग इसमें कनेक्टेड हैं, दोनों तरफ से कनेक्टेड हैं । पनवारी के लिए वादा करके आए लोग, आदरणीय स्वर्गीय राजीव गांधी भी गए, इंदिरा योजना के तहत मकान बनाएंगे, मगर एक झोंपड़ी तक नहीं बनी, उनका रिहैबिलिटेशन नहीं हुआ और न ही किसी को सजा मिली । जब हर कांड का हश्र यही होना है कि घड़ियाली आंसू बहाए जाने हैं तो—

"न खुदा ही मिलान विसाले सनम,
न इधर के रहे न उधर के रहे"

कुछ होने वाला नहीं है । इसलिए मैं माननीय गृह मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि अगर आपकी सरकार केन्द्र को बहुत चिंतित है तो क्या इन कदमों को उठाएगी और आप इन प्रश्नों का उत्तर देंगे ? धन्यवाद ।

श्री अजीत जोगी : उपसभाध्यक्ष जी, भरतपुर राजस्थान का बहुत प्रसिद्ध एतिहासिक शहर है और उससे केवल 10 मील दूर कुम्हेर में यह नरसंहार हुआ । यह केवल कुम्हेर में नहीं हुआ, मैं सहमत हूं बिहार के बेलची में भी हुआ, आंध

[श्री अजीत जोगी]

के पुन्दुर में भी हुआ, मध्य प्रदेश के शिवपुरी में हुआ, उत्तर प्रदेश के महराना में हुआ, अभी कुम्हेर में हुआ है, फिर किसी अजान, अनाम गांव में फिर से होगा।

[उपसभाध्यक्ष (श्रीमति जयंती नटराजन) (पीठासीन हुई]

मैं भी जो कुछ कहना चाहता हूं, दल की सीमाओं से उठकर कहना चाहता हूं। मैं इसलिए प्रसन्न हूं कि अभी तक जो चर्चा हुई उसमें दलों पर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला जारी नहीं हुआ। मैं इसलिए यह कहना चाहता हूं कि कुम्हेर की इस दर्दनाक घटना ने, घटना नहीं नरसंहार ने, इस बर्बरता ने, निर्ममता ने एक बार फिर से साबित किया है, प्रमाणित किया है खोखलेपन को, हमारे कानून के खोखलेपन को, मनु के कानून को बदलकर बाबा साहब ने जो कानून हमको दिया था, यह जो संविधान है इसमें जो संरक्षण हमको दिया था, उसके क्रियान्वयन के खोखलेपन दलों की राजनीतिक इच्छा को और सभी राजनीतिक के खोखलेपन को।

मैं प्रारंभ में यह कहना चाहूंगा कि जब तक यह खोखलापन बना रहेगा, तब तक इस हम केवल घटियाली आंसू बहाते रहेंगे, सदन में इसी तरह अपनी बात कहते रहेंगे। पुन्दुर घटा था, बेलची घटा था, अभी कुम्हेर घट गया और कुछ घटेगा, इसी तरह चर्चा होगी और समाप्त हो जाएगी। यह सिलसिला जारी था, जारी है और जारी रहेगा। इसलिए सबसे पहली जरूरत इस बात की है हम अपने-अपने गिरेबान में झांककर देखें, अपने आप सोचकर समझें कि जो खोखलापन है, सबसे पहले राजनीतिक से चालू करें, अपने-अपने दलों से चालू करें।

हम क्यों अपने अपने दलों में जब टिकट बांटते हैं तो जाति के बारे में सोचते हैं? हम क्यों अपने अपने दलों में जब बात करते हैं तो जाति के बारे में बात करते हैं जाति के बारे में इसलिए बात होती है कि जाति वह है जो कभी नहीं जाती। यह बात मेरे एक पूर्व वक्ता ने कही कि यहां पर धर्म परिवर्तन हुआ पर जाति नहीं गई। इसलिए मैं धर्म के ठेकेदारों से, जो धर्म का चिन्तन करते हैं उनसे कहना चाहूंगा कि अगर हम इस बारे में गंभीर हैं तो इसकी जड़ में भी जो बात है उसमें जाना चाहिए। भगवान कृष्ण ने गीता में उपदेश दिया और कहा है कि यह जो धर्म वर्ण व्यवस्था है यह कर्म पर आधारित हो। हमने क्यों उसको जन्म पर आधारित बना दिया है? अनुसूचित जाति का व्यक्ति कभी ब्राहमण नहीं बनेगा चाहे वह वेदों का अध्ययन कर ले, चाहे वह पुराण याद कर ले, चाहे जितना भी पढ़ ले। लेकिन भगवान कृष्ण ने जो गीता में कहा है कि कर्म पर आधारित समाज होना चाहिए, उसमें व्यक्ति का मूल्यांकन कर्म के आधार पर होना चाहिए, जब तक हम उस पर अमल नहीं करेंगे तब तक यहां ऐसी चर्चा होती रहेगी और जो एक खोखलापन हमारी व्यवस्था का है, यह जो खोखलापन हमारी राजनीति का है, यह जो खोखलापन हमारे संविधान का है, जो खोखलापन हमारे कानून का है, यह जारी रहेगा और यही स्थिति बनी रहेगी ... (**समय की घंटी**)

उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आंकड़े तो यहां पर बहुत दिए गए और भी दिए जायेंगे। मैं अभी आंकड़े पढ़ रहा था कि पिछले साल ही अनुसूचित जाति और जनजाति के साढ़े छह सौ लोग मारे गए। एक हजार से ज्यादा अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ। 1981 से 1986 के बीच करीब एक लाख 25 हजार अपराध अनुसूचित जनजाति के लोगों पर घटित हुए। ये आंकड़ें मैंने इसलिए दिए कि हम आंकड़े तो हमशा एकत्र करते हैं पर इन घटनाओं में बढ़ती क्यों होती जा रही है, यह नरसंहार क्यों बढ़ता जा रहा है इस पर विचार नहीं करते।

महोदया, घटनाओं के बारे में बहुत सी बातें कही गई हैं, कुछ बातें मैं भी

कहना चाहूंगा क्योंकि जो रिपोर्ट राजस्थान सरकार के रिपोर्ट के आधार पर हमारे गृह गृह मंत्री जी ने बयान के जरिए दी है उसमें इतना बडा विरोधाभास है कि मैं तो कहूंगा कि उसमें सत्य कम है और असत्य ज्यादा है । जिन लोगों ने घटना स्थल पर जानकारी ली है, जिन्होंने पूछताछ की है, जिन्होंने वहां पर लोगों से बात की है, उनके बयान के आधार पर मैं कह सकता हूं कि इसमें सत्य कम है और असत्य अधिक है । इसमें यह कहना कि संजय बिना टिकट लिए गया था, यह बिलकुल झूठ है मैंने उसका सत्यापन किया है । उसको मोहन सिंह और प्रेमसिंह के मारा । एक तारीख को यह घटना हो गई । उसके बाद 6 तारीख तक घटनायें होती रहीं । हर दिन कुछ न कुछ घटित होता रहा । हो सकता है कि प्रारंभ में दलित वर्ग के लोगों ने उसकी प्रतिक्रिया की क्योंकि उन पर अन्याय हुआ, उन पर अत्याचार हुआ था । उसकी प्रतिक्रिया हुई क्योंकि जो क्रिया होती है उसकी प्रतिक्रिया भी होती है । प्रशासन का यह कर्तव्य हो जाता है कि क्रिया की प्रतिक्रिया हो इससे पूर्व ही प्रशासन सतर्क हो जाए । मैं यह बिलकुल मानने के लिए तैयार नहीं हूं कि एक तारीख को पांच तारीख तक कुछ नहीं हुआ । रोज घटनाएं हो रही थी, पंचायत बैठ रही थी, रोज षडयंत्र हो रहे थे । पांच तारीख को भी पंचायत और प्रशासन की बैठक हुई । वहां पुलिस के अधिकारी भी मौजूद थे । उनकी सामने साजिश हो रही थी, उनके सामने कहा जा रहा था कि हम इन लोगों को जलायेंगे उनके सामने कहा जा रहा था कि हम ट्रेक्टर लेकर उनको जलायेंगे, हम पैट्रोल लेकर उनको जलायेंगे, हम घासलेट मिट्टी का तेल लेकर उनको जलायेंगे । उनके सामने योजनायें बनाई जा रही थी । फिर भी उनको रोका नहीं गया । रोकना तो दूर रहा, 6 तारीख को क्या हुआ । मैं इसको बहुत बड़ी साजिश एक दल विशेष की नहीं मानता हूं, एक वर्ग विशेष की साजिश मानता हूं 6 तारीख को प्रशासन और पुलिस के लोग मिल जाते हैं और इस दलित वर्ग के जो लोग मैं जो इन लोगों का खड़े होकर सामना कर सकते थे, उनको पुलिस गिरफ्तार करके ले जाती है और कुम्हेर गांव में छोड़ जाती है । . . .

वहां ज्यादा से ज्यादा 20 जाटों का परिवार है और 7–8 हजार जाटवों की आबादी है । यदि आमने-सामने लड़ाई होती, केवल जाटों और जाटवों के बीच में लड़ाई होती तो ऐसा नरसंहार नहीं होता ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Please conclude; you have already taken ten minutes.

SHRI AJIT P. K. JOGI: I will take 2-3 minutes more.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Please conclude.

श्री अजीत जोगी : उनका नरसंहार इसलिए हुआ क्योंकि उस गांव के जितने सक्षम योग्य नौजवान थे, जो सामना कर सकते थे, जो खड़े होकर अपनी महिलाओं के साथ बलात्कार होने से रोक सकते मैं, जो खड़े होकर अपने घरों को जलने से रोक सकते थे, जो खड़े होकर अपने बूढ़ों बुजुर्गों और बच्चों की हत्या होते हुए खड़े होकर रोक सकते थे, जो प्रतिकार कर सकते मैं उनको पुलिस सुबह पकड कर ले जाता है । साजिस करने वाले लोगों को, षडयंत्र करने वाले लोगों को यह मालूम होता है कि जाटों का 7–8 हजार की बस्ती में से 400 सक्षम जाटों को यहां से पुलिस ले गई है अब केवल बच्चे बचे हैं, महिलायें बची हैं, अब केवल बूढे बचे हैं तब 5–6 हजार लोगों टूकों में बैठकर नंगी तलवार घुमाते हुए उस गांव की तरफ जाते हैं, उस मुहल्ले की तरफ जाते हैं और तब वह नरसंहार होता है । मैं यह मांग करता हूं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से कि सबसे पहले अगर जांच करनी है तो इस बात की जांच कराई जाए कि यह साजिस थी या नहीं । प्रशासन ने इन नौजवान जाटवों को 300 जाटवों को सुबह क्यों पकड़ लिया । दो बजे फिर वहां ये लोग जाते हैं । दो बजे से नरसंहार जारी होता है और 6 बजे तक बलात्कार चलता रहा है । पुलिस खड़ी हुई देखती रहती है, एक भी गोली नहीं चलती है, अश्रुगैस नहीं छोडी जाती है, बल का प्रयोग नहीं होता है । यह कैसा प्रशासन है ? प्रशासन

[श्री अजीत जोगी]

किस तरह से समस्या का निराकरण कर रहा था ? मैं बार-बार यह कहना चाहता हूं कि क्योंकि मैं खुद डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट रहा हूं , 12-13 साल डिस्ट्रिक्ट मिजिस्ट्रेट रहा हूं इसलिए यह बात रेखांकित करके कहना चाहूंगा कि यह बडी गैरजिम्मेदारी की बात है । जब पता चल जाता है कि एक तारीख से घटना में तनाव पैदा हो रहा है , एक तारीख से साजिश हो रही है, एक तारीख से षडयंत्र हो रहा है, पुलिस के अधिकारियों के सामने बातचीत हो रही है, यह तय हो रहा है कि हम अस्त्र लेकर जायेंगे, हम जलाने वाला विस्फोटक पदार्थ लेकर जायेंगे, हम बम लेकर जायेंगे, लाठी लेकर जायेंगे तब भी कोई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई नहीं की जाती है । मैं अपने साथियों से यह कहना चाहूंगा जिनकी पार्टी की सरकार वहां राज्य में है, मैंने प्रारंभ में कहा था कि मैं दलों से ऊपर उठ कर बात करता हूं इसलिए मैं दूसरी घटनाओं का भी जिक्र किया । मैंने आपसे करबद्ध निवेदन करना चाहता हूं कि इस पर आप तह में जरूर जाइए । यह जो साजिश हुई है इस साजिश में आपकी पार्टी के लोग शामिल हों या न शामिल हों, पर इस साजिश में, मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि प्रशासन के लोग, पुलिस के लोग और सवर्ण वर्ग के लोग पूरी तरह शामिल थे ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Please conclude. I will have to call the next speaker.

श्री अजीत जोगी : मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि अभी तो मुझे सुझाव देने हैं . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): No, I am sorry. I have to call the next speaker. You have already taken 13 minutes. According to rules you cannot take more than five minutes.

SHRI AJIT P. K. JOGI: You cannot muzzle the voice of Dalits like this. We have to speak. We have suffered; our people have suffered, and I have to speak on their behalf. You cannot silence me like this.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): I am sorry; nobody is silencing you.

SHRI AJIT P. K. JOGI: You don't cut me short like this. There are other speakers who have spoken for 20 minutes, and I was the first to give notice for it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Please sit down and calm yourself.

SHRI AJIT P. K. JOGI: But my heart is bleeding.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Everybody's heart is bleeding but there is no need to talk to the Chair like this.

SHRI AJIT P. K. JOGI: I have to make my suggestions. You cannot cut me short like this; otherwise you name me and I will go out. Here I am speaking for my people.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): You have spoken for 13 minutes already. Hon. Members,I have to tell you that these are the rules regarding the calling attention motion. The first speaker who draws the attention of the Government will not speak for more than seven minutes, and every other speaker cannot speak for more than five minutes. It is most unfair to make such a remark that the voice of the people is being muzzled. You do not have a monopoly on concern. Threatening the Chair and making remarks against the Business Advisory Committee...

SHRI AJIT P. K. JOGI: I am not threatening anyone.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Kindly change your tone.

SHRI AJIT P. K. JOGI: I only want to say what my feelings are. I am not threatening anyone, let alone the Chair.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): There is no use in getting emotional. Don't try to intimidate the Chair. I will not give into this intimidation. You do not have a monopoly on concern. (*Interruptions*) If you take more time, none of the other Members will get time.

श्री अजीत जोगी : मेरा इस सदन से यह निवेदन है कि इस घटना की तह पर, इस षडयंत्र पर और इस साजिश पर हमको जाना होगा । यह साजिश हुई है, पुलिस की प्रशासन की और सवर्णों की, इसमें हमें जाना होगा और इस पर जांच जरूर करनी होगी । मैं यह भी कहना चाहूंगा कि अगर हमने इस तरह की वारदातें नहीं रोकी, यदि इस तरह से दलितों पर हमला होता रहा, दलितों का इस तरह से नर-संहार होता रहा तो मैं यह कहना चाहूंगा कि जिस तरह की परिस्थितियां बिहार में बनी हैं । बारा कांड हुआ, जिस तरह से वहां के दलित संगठित होकर उन्होंने सवर्णों पर हमला किया अगर हम चाहते हैं कि इस तरह की भावना दलितों में न आयें, प्रतिकार की भावना न आयें, इस तरह से संगठित होकर ये अपना बदला न ले तो हमें जागना होगा, हम को आज ऐसी कार्यवाही करनी होगी कि उनको यह लगे कि अगर उन पर अन्याय होता है, अत्याचार होता है, तो सारी पार्टियां मिलकर, सारे राजनैतिक दल मिलकर, सारी सरकारें मिलकर, केंद्रीय और राज्य सरकारें मिलकर हमारे ऊपर जो बीती है उसका प्रतिकार करते हैं । मैं यह कहना चाहूंगा कि अगर चौबीस गांवों का जाटों का प्रभुत्व पांच हजार, छः हजार जनसंख्या को लेकर आगे बढ़ रहा था तो उनके पास सैकड़ों एकड़ जमीन है, हमने इतना बड़ा सुझाव उनको बांटा है और बांटने की मांग करते हैं तो हम ऐसा क्यों नहीं करते हैं जो इस घटना के लिए जिम्मेदार है, जिसने इस घटना का नेतृत्व किया है उसकी जमीन कुर्क की जाय, उसकी संपत्ति कुर्क की जाय और उससे वह राशि वसूल की जाये । हम ऐसा क्यों नहीं करते हैं कि जिस समाज के लोगों ने दलितों पर अन्याय और अत्याचार किया है उस समाज के वर्ग पर एक कम्यूनिटी फाइन लगाया जाये जिससे आयन्दा उनको सबक मिले । हम ऐसा क्यों नहीं करते हैं कि जो कानून हमने बनाया हुआ है, सेक्शन-3, प्रिवेंशन आफ एट्रोसिटीज आन शेड्यूल्ड कास्ट एण्ड ट्राइबज, उसके अंतर्गत इनको क्यों दंड नहीं देते हैं ? मैं यह भी कहना चाहूंगा कि किसी का ट्रांस्फर कर देने से या किसी को हटा देने से और यहां तक कि किसी को निलंबित कर देने से प्रशासन पर कोई असर नहीं होता है । हमको ऐसा प्रावधान बनाना पड़ेगा, इस सदन को बनाना पड़ेगा कि जो अधिकारी उस स्थान पर है, जिले का डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट है या जिला सुपरिंटेंडेंट आफ पुलिस है या थाने का स्टेशन हाउस अफिसर है, अगर उसके इलाके में ऐसी घटना होती है और वह ऐसी घटना को अपनी सतर्कता से रोक सकता था तो उसको मुलजिम बनाना चाहिए, उसका सजा देनी चाहिए ।

अंत में चूंकि बार-बार घंटी बज रही है, मैं बहुत सी बातें कहना चाहता था, लेकिन यह कहना चाहता हूं कि आज जरूरत इस बात की है कि हम जागें । आज जरूरत इस बात की है कि हम दलितों की पीड़ा को समझें । ऐसी घटनायें बार-बार गांवों में होती हैं । पर इस तरह के नर संहार वहां होते हैं जहां दलित पढ़ लिख गए हैं, जहां दलित शिक्षित हैं और वे प्रतिकार करते हैं । यह घटना इसलिए हुई कि दलित के बच्चे ने जिसने सिनेमा का टिकट लिया था उसको कुर्सी पर बैठने नहीं दिया गया, उसे जमीन पर बैठने दिया गया । उसने प्रतिकार किया, मारपीट की । इसलिए यह घटना हुई । यह प्रतिकार और जागृति अच्छी बात है । इस प्रतिकार और जागृति को मैं अच्छा समझता हूं । हम सब को सजग होकर इसको समझना पड़ेगा, इसके लिए हमको, आपको अपने दिलों को बदलना पड़ेगा, अपना राजनैतिक सोच बदलना पड़ेगा, अपने कानून और संविधान को

[श्री अजीत जोगी]

समझना पड़ेगा । अंत में मैं इन शब्दों के साथ अपनी बात समाप्त करता हूं–

फूलों की टहनियों पर निशेमन बनाइए,
बिजली भी गिरे तो जश्ने चिराग मनाइए,
दलितों की रगों में मीठा मीठा दर्द है,
उनकी बीमार नकहतों को जरा गुदगुदाइए ।

SHRI DAVID LEDGER (Assam): Madam Vice-Chairman, caste atrocities are a matter of concern to each and every one of us and they deserve to be condemned in the strongest terms. It is, therefore, in the fitness of things that the rioting incidents of Kumher of Bharatpur have been taken up for discussion in this House. Madam, the chronology of events relating to the rioting of Kumher of Bharatpur, where 15 people reportedly lost their lives and property worth more than Rs. 80 lakhs has been damaged according to the preliminary reports, clearly establish that the whole thing was pre-planned and pre-editated, but what is intriguing is despite prior notice and knowledge, the administration failed to take any preventive steps. Now this becomes amply clear from the statement which the hon. Minister of State for Home has made in the House today. We find that on the 1st of June there was a scuffle over the entry into a cinema hall. There was tension. On the 3rd June there was another quarrel and there was more tension. The quarrel was between two groups, namely the Jat community and the Jatav community. On the 4th of June there was again tension resulting from disruption of drinking water. The statement also says that on the 5th of June there was again tension as a result of disruption of drinking water. There was firing of shots and there was general panic. On the 6th June, 6000 people had gathered in a Panchayat and throughout these 6 days, from 1st June till 6th June, the administration did not act in any manner; no preventive steps were take. I would only term this as utter lack of responsibility and as a failure on the part of the administration. The administration failed on two counts: (1) to prevent the incidents of rioting; and (2) to deal with the situation even after they reportedly got into action. The statement clearly shows again that even after the so-called intervention of the administration fresh incidents took place, people were killed, property was damaged. So, Madam, I would only like to know from the hon. Minister whether the Government of India will fix accountability on the Rajasthan Government for its disastrous failure to prevent the incidents of rioting in Kumher of Bharatpur. I would also like to know whether the Home Ministry will hold the Chief Minister of Rajasthan directly responsible for his failure; and whether the officials who were guilty of neglect of duty, of dereliction of duty and of connivance at the mischief that took place, will be taken to task. Will they be given adequate punishment so that it serves as a warning for the future? Lastly, we have come to know from the statement that the hon. Minister paid a visit to the place of occurrence on the 15th of June. He has made this statement on the basis of the information provided to him by the Rajasthan Government. Since the hon. Home Minister went to the place of occurrence, he must have talked to cross sections of the people. Will the hon. Minister give his personal impression about the incident, not relying on the report of the State Government?

SHRI V. NARAYANASAMY: Thank you, Madam, for giving me this opportunity. The killing of Jatavs in Kumher village by Jats of that area is a well-calculated massacre and communal carnage which took place in the last week of June, 1992. Madam, an elaborate statement has been made by the hon. Minister of State for Home Affairs. Immediately after the incident, the hon. Prime Minister was pleased to send the

hon. Minister of State for Home Affairs to have first-hand knowledge of the incident that happened in Kumher Village. Hon. Members of this House have explained in detail the day-to-day occurrences in the first week of June 1992. When we go through the report and the statement by the Hon. Minister, it is patently clear that the State Administration failed to enforce law and order in the State of Rajasthan. I am saying this from the statement of the Statesman of the State Government itself.

The statement of the State Government is rather tricky. They say that combing operations were there in the areas where the Jatavs were living and weapons, bombs and other items had been seized. But on the contrary, the State Government allowed the Jats to come with weapons in tractors and trailors to attack the Jatavs in their hamlets. Another aspect is, before the Jats attacked the hamlets of the Jatavs, the Jatavs had been arrested, taken into custody, and only women and elderly persons were there in the village who had been attacked and killed and 300 houses had been gutted by the Jats. According to the police, the information is very clear. According to Superintendent of Police, Shri Kapil Gaur, Jats gathered in large numbers and there was information that arms were being concealed in tractor trailers as an initial move before attacking the Jatavs. That is No. 1 Later, additional information was received that the Jats were planning to attack immediately after the panchayat. Therefore, the police administration had prior information about the Jats who were going to attack the Jatavs in the village of Kumher. With a 300-strong police force they fired some rounds and, thereafter, when these 6,000 Jats scattered and then entered the village—the police say—they were unable to control the situation and therefore, they could not prevent the massacre and burning of the houses by the Jats. This is the failure of the police administration.

Then let us come to the relief part of it. As far as the relief measures are concerned, the State Government gives a rosy picture but, in fact, the ground situation is entirely different. People who have been seriously injured have not been given medical facilities, people who have no houses have not been provided shelter and people who have lost everything have not been given food. This is the state of affairs as far as relief measures are concerned. Fortunately, the hon. Minister of State for Home Affairs visited the place on the 15th. Only after that the State Government machinery started moving. I would like to quote the hon. Minister's statement to the press, which will clearly show how the State Government machinery failed in controlling the situation and that they have not given relief to the people who have been affected.

The hon. Minister has stated: "There were serious lapses on the part of the Administration during the Kumher incident and the State Government machinery has not taken adequate steps to prevent the carnage." Then the Minister went on to say that as far as the relief measures were concerned, he had to direct the State Administration and the Chief Minister to provide relief works and also relief operations as far as medical facilities were concerned and also for giving shelter and food to those people.

My question is very simple. Now the hon. Minister is relying upon the statement of the State Government. The hon. Minister had, after his visit, submitted a report to the Central Government. Now I want the hon. Minister's report to be laid on the Table of the House. The House should be given the information about the hon. Minister's visit. What for had the hon. Minister gone to the Kumher village? What the hon. Minister has seen there, that in-

[Shri V. Narayanasamy]

formation should be shared with this House also. Then only will a clear picture be known. Now the hon. Minister is giving a rosy picture. He is giving the statement of the State Government. That is not enough. The real picture should come to the House, and the House should be taken into confidence about the Minister's report. Therefore, Madam, I put a pertinent question to the hon. Minister whether he is going to place his report on the Table of the House, whether he will share his opinion, his views on the carnage, with the hon. Members.

Madam, the State machinery failed. Then the police administration failed. The persons involved in the massacre have not been arrested. The officials who have been conniving, have not been arrested. The people who were negligent, have not been arrested. No action has been taken so far. In the name of the CBI enquiry, they are trying to postpone action against the officials and other persons involved.

Madam, I submit to this House that the Chief Minister of Rajasthan should take the moral responsibility, and he should quit office for having been negligent and lethargic and for not taking proper action to save the down-trodden and poor people of the village, who have been killed by the Jat community, the higher caste people. I want these two things. The hon. Minister's opinion should be laid on the Table of the House so that his views on this matter are shared with the Members of this House.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Hon. Members, I have to make an announcement.

The Minister for Environment and Forests, Shri Kamal Nath, was supposed to make a stttement at 5.00 p.m. on the recently concluded United Nations Conference on Environment and Development. But he has written to the hon. Deputy Chairman, saying that he has some problem in coming here at that time. She will allot some other time which is convenient to the House. She said that she would allot a convenient time, whatever would be convenient to the Members.

AN HON. MEMBER: Today or tomorrow?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Not today. When it will be made will be announced at a suitable time.

श्री राम गोपाल यादव (उत्तर प्रदेश) : मैडम, यह बड़ी अजीब बात है कि समाज के जिस वर्ग ने इस पूरे समाज की सर्वाधिक सेवा की हो वह उन्हीं लोगों द्वारा सर्वाधिक प्रताड़ित किया जिनकी सेवा उन्होंने सर्वाधिक की । जब जब सदियों से पीड़ित और शोषित दलितों ने अन्याय, अभाव और अज्ञान के खिलाफ संघर्ष किया उससे मुक्ति पाने का प्रयास किया, तब तब उन लोगों को दिक्कत हुई जिनके निजी स्वार्थ पर चोट पहुंचती थी या जो सदियों से उनका शोषण करते रहे हों । यही कारण है कि हिंदुस्तान में जहां भी दलित वर्ग के लोगों ने आत्मसम्मान के लिए आगे कदम बढ़ाने की कोशिश की उनको अपमानित होना पड़ा, प्रताड़ित होना पड़ा ।

अतीत में जो भी घटनायें घटी हैं वे सब निन्दनीय हैं लेकिन उनका सहारा लेकर जो कुम्हेर में हुआ उसके लिए प्रशासन को या राज्य सरकार को दोषी न ठहराया जाय यह बिल्कुल तर्कसंगत नहीं है ।

मैडम, नरायणपुर की ए॰ घटना ने, हालांकि एक छोटी घटना थी लेकिन अगर एक व्यक्ति की भी जान जाती है तो बदकिस्मती होती है इसलिए मैं छोटी घटना नहीं कहूंगा, उसमें उत्तर प्रदेश की सरकार को बर्खास्त कर दिया गया ।

महोदया, अभी कुछ वर्ष पहले इजरायल के सैनिकों ने लेबनान में पी॰एल॰ओ॰ शरणार्थियों के दो कैम्पों में महिलाओं और

बच्चों पर जब आक्रमण किया तो इजराइल के यहुदियों ने राजधानी तेलअबीब में प्रदर्शन करके प्रधान मंत्री को फोर्स कर दिया कि रक्षा मंत्री त्यागपत्र दें । उनका तर्क था कि अगर हम आज निहत्थे लोगों की हत्यायें कर रहे हैं तो हममें और हिटलर में क्या फर्क था जो यहुदियों की हत्या कर रहा था ।

इसलिए मैं माननीय गृह मंत्री जी से यह कहना चाहूंगा कि जो यह बयान दिया गया है यह राजस्थान सरकार का बनाया हुआ बयान है और मैं कई दिनों से देख रहा हूं कि चाहे अयोध्या का मसला हो चाहे राजस्थान का मसला हो चाहे कोई मसला हो केंद्र की सरकार अपनी एजेंसीज का, अपने विवेक का कहीं इस्तेमाल नहीं कर रही है । जो दोषी हैं जिनको दंडित होना चाहिए जिनको सत्ता से हटाया जाना चाहिए अगर उन्हीं की रिपोर्ट पर आप बयान करेंगे तो दिल्ली की सरकार का औचित्य क्या है ।

इनकी जो एजेंसीज हैं उनका क्या औचित्य है ? पहली तारीख से 6 तारीख तक घटनायें बढ़ती रहें, लोगों के घरों को जला दिया जाए, सैंकड़ों लोग बेघरबार हो जायें और इसके बाद भी किसी अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही न हो, किसी अधिकारी को जेल न भेजा जाए, It is a case of criminal negligence on the part of the State Government Administration. किसी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई । मैडम, यह ऐसा एक सवाल है जिस पर बड़ी लंबी बहस हो सकती है । इतना दर्दनाक यह मामला है कि आदमी जब सेंटीमेंन्टल हो जाती है और जब रोका जाता है तो भाई अजीत जोगी की तरह कभी-कभी ऐसा होता है कि चेयर को अच्छा नहीं लगता है, इसलिए मैं कुछ नहीं कहना चाहता हूं । सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि केंद्र सरकार अपने विवेक का इस्तेमाल करे । इस रिपोर्ट को जो प्राइमाफेसी यह साबित करता है कि यह सब गलत है । It is a bundle of false statements. बिल्कुल पूरी तरह से असत्य है । सारे तथ्यों को छिपाया गया है । एक जाटवों को आक्रामक साबित करने की कोशिश की गई है, जो पूरी तरह से गलत है, असत्य है । इसलिए इस स्टेटमेंट को पूरी तरह से नकार कर केन्द्र सरकार अपनी एजेंसीज से रिपोर्ट मंगायें । उसके बाद उसके आधार पर दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही करे और आवश्यकता पड़े तो राजस्थान की सरकार को बर्खास्त कर दिया जाए, क्योंकि इससे ज्यादा वैलिड ग्राऊंड और कोई हो ही नहीं सकता किसी राज्य सरकार को बर्खास्त करने के लिए । थैंक यू, मैडम, आपने समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ।

डा० अबरार अहमद (राजस्थान) : थैंक यू, मैडम, । मैडम, यह जो माननीय गृह मंत्री जी ने वक्तव्य दिया है और उसमें उन्होंने यह बहुत साफ लिखा है कि राज्य सरकार ने जो रिपोर्ट भेजी है उसके अनुसार तथ्य इस प्रकार हैं । मुझे हैरत हुई यह वक्तव्य पढ़ कर क्योंकि मुझे 10 जून को कांग्रेस अध्यक्ष श्री नरसिंह राव जी ने इस कुम्हेर कांड के तथ्यों की जानकारी के लिए एक कांग्रेस समिति का दल भेजा था और चार सदस्यीय दल में मुझे भी वहां जाने का मौका मिला था और शायद वह पहला दल था उस घटना के बाद जो प्रत्येक मरने वाले के घर में गया, प्रत्येक पीड़ित के घर गया वास्तविकता और तथ्यों का पता लगाया, न सिर्फ उन लोगों से बल्कि उस समय जो वहां उच्च स्तरीय प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे उन लोगों से भी बात की जो उन्होंने उस समय हमको बात बताई थी 10 जून को, आज भी इस वक्तव्य में बात है कहीं-कहीं मेल नहीं खाती । मुझे हैरत होती है कि इतना बड़ा झूठ भी कोई सरकार सिर्फ अपनी छवि बचाने के लिए या अपने आप को बचाने के लिए बोल सकती है, यह पढ़कर मुझे हैरत होती है । महोदया, इसके अंदर घटना जो एक जून से शुरू की गई है और सात जून तक लिखी गई है, एक जून की घटना के बारे में यहां यह लिखा है कि सिनेमा हाल के अंदर जाटव समुदाय और जाट समुदाय के लोगों के बीच हाथापाई हुई, क्योंकि जाटव समुदाय के कुछ लड़कों ने बिना

[डा० अबरार अहमद]

टिकट के सिनेमा हाल में घुसने का प्रयास किया। महोदया, यह तथ्यों से बिलकुल परे हैं। जैसा माननीय सदस्य श्री अजीत जोगी कह रहे थे वह सही है कि वह जाटव टिकट लेकर के पिक्चर हाल गए, लेकिन उनको कुर्सी पर नहीं बैठने दिया। उनको नीचे बैठने के लिए बाध्य किया गया। इस बात पर वहां तकरार हुई और सिर्फ तकरार हुई, कोई बहुत बड़ा झगड़ा नहीं हुआ। लेकिन इसमें लिखा है कि उसके बाद भी 300 से 400 जाटव लड़कों ने सिनेमा हाल पर तथाकथित पथराव किया। मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से जानना चाहता हूं और वह सरकार से पूछे कि जब 300 से 400 जाटव लड़के वहां इक्ट्ठे हुए और उन्होंने पथराव किया तो क्या उन्होंने एक्शन लिया, कितनों को उन्होंने बंद किया? उस घटना की वहां एफ०आई०आर० दर्ज हुई थी, क्या उस एफ०आई०आर० जो दर्ज हुई थी उसके अंदर यह बात है क्या उन्होंने किसी को पकड़ा या किसी को गिरफ्तार किया, किसी पर लाठी चार्ज किया? अगर सच्चाई होती तो यह सब कुछ होता, लेकिन सच्चाई नहीं थी। मात्र उस जाटव लड़के को जमीन पर बैठने के लिए बाध्य किया था। वह अकेला था। वहां से उसको भगा दिया गया, वह घर चला गया। दूसरी घटना जिसका उसमें कोई जिक्र नहीं किया गया है 2 जून को घटी। दो जून को पैनगोर एक और गांव में कुछ जाटव लड़के मजदूरी करने गए वहां कुछ, जाट लडकों ने उनको डराया, धमकाया और पीटा। वहां से आ करके उन्होंने यह बात जो कुम्हेर के अंदर बड़ा मोहल्ले के वे रहने वाले थे, वहां बताई गई और उसके बाद 3 तारीख को कुम्हेर के अंदर एक डिमांस्ट्रेशन जाटवों द्वारा किया गया। इसमें कोई दो राय नहीं कि 3 तारीख को कुम्हेर के बाजार में डिमांस्ट्रेशन किया गया। उसमें नारे लगाए गए। वह नारे किसी के विरुद्ध नहीं थे बल्कि वह न्याय की मांग कर रहे थे। दूसरे, उसके अंदर जो यह बात लिखी गयी है और जो बहुत ही आपत्तिजनक है कि महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया। वहां जब 10 तारीख को वह दल गया था तो कम-से-कम 50 आदमियों के सामने डायरेक्टर जनरल, पुलिस मि० शेखर ने यह कहा था कि यह महिलाओं के साथ दुर्व्यव्हार वाली बात एक अफवाह है जोकि किसी ने उड़ायी है। वहां किसी महिला के साथ दुर्व्यवहार नहीं हुआ है और आज तक यह बात कहने वाला कोई गवाह नहीं है। कोई महिला नहीं है जो यह कहे कि दुर्व्यवहार हुआ है। मैं चैलेन्ज करता हूं इस सदन के सामने कि मुख्य मंत्री या उनकी सरकार एक महिला को पेश कर दें जिसके साथ कि वहां तीन तारीख को किसी प्रकार का दुर्व्यवहार हुआ हो। वे एक भी महिला का नाम बता दें। उपाध्यक्ष महोदय, यह एक मनगढ़ंत अफवाह थी जोकि वहां फैलायी गयी थी। यह मैं नहीं कह रहा हूं, यह वहां के पुलिस अधिकारियों ने कहा है और उस दल के सामने कहा जोकि वहां गया था, जनता के बीच में कहा कि यह बिल्कुल मनगढ़ंत अफवाह थी वहां किसी महिला के साथ कोई दुर्व्यवहार नहीं हुआ और मेरे विपक्षी साथियों से मेरा कहना है जोकि इस घटना के हामी हैं, वह बताएं कि कौनसी महिला के साथ दुर्व्यवहार हुआ? वहां के अधिकारियों ने भी उस समय मना किया। हमने वहां सैकड़ों लोगों से पूछा कि यह महिला के साथ दुर्व्यवहार की बात जोकि 3 तारीख के डिमांस्ट्रेशन में हुई, यह वाकयी बहुत शर्मनाक है। क्या यह घटना घटी? हमें एक आदमी यह कहने वाला नहीं मिला पूरे कुम्हेर के अंदर, सबने मना किया। हमने वहां हर तबके के लोगों से पूछा, सैकड़ों लोगों से पूछा कि क्या तीन तारीख को बस स्टैंड पर किसी महिला के साथ कोई दुर्व्यवहार हुआ? सभी ने इंकार किया। इस तरह से यह अफवाह के आधार पर एक बदनाम करने का षडयंत्र था जिसे कि एक वक्तव्य के रूप में संसद के सामने रखने एक सरकार ने यहां भेज दिया। मैं नाम कोट कर रहा हूं उस डायरेक्टर जनरल का जिसने हमको यह बताया था। मैं चैलेंज कर रहा हूं कि इस तरह की गलत अफवाह फैलाकर जिस प्रकार से वहां झगड़ा किया गया, और भी जगह इस तरह स

तनाव पैदा किया जा सकता है। तो इस तरह जो लोग गृह मंत्री को गुमराह कर, संसद को गुमराह कर और उसके माध्यम से सारे देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, दलितों पर झूठे आरोप लगाने की कोशिश कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त-से-सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।

महोदया, इसमें 4 जून की घटना के बारे में लिखा है कि 4 जून को कोई घटना नहीं घटी। महोदया, 3 तारीख की इतनी संगीन बात इन्होंने कही और 4 तारीख को उससे आगे बढ़कर बात कही और 5 तारीख को भी इन्होंने घटना का जिक्र किया है। मैं एक बात आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि जब 5 तारीख तक इतनी संगीन घटनाएं होती रहीं तो क्यों नहीं 5 तारीख तक किसी को गिरफ्तार किया गया? पांच तारीख की शाम तक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था और किसी व्यक्ति को नहीं पकड़ा गया था। कहीं तलाशी नहीं ली गयी थी। यहां तक कि धारा 144 जोकि मामूली सी घटना में लग जाती है, लेकिन जब 3 तारीख को इतनी बड़ी घटना घटी, एक तारीख को तीन सौ, चार सौ आदमियों ने पथराव किया, सब को पता था कि जाट-जाटवों में टेंशन रहता है तो 5 तारीख तक धारा-144 क्यों नहीं लगायी गयी? क्यों नहीं वहां लोगों को पकड़ा गया? अगर इसे भी मानें कि 5 तारीख को घटना घटी तो 6 तारीख को पंचायत कैसे बुलाई गयी जिसके कि अंदर 20 हजार आदमी आसपास के 50 गांवों से आने वाले थे? क्यों उनको इकट्ठा होने दिया गया? अभी एक माननीय सदस्य कह रहे थे कि कुछ पुलिस अधिकारी उसमें पूरी तरह से मिले हुए थे। वे उन जाटवों के घर 6 तारीख को गए और उनके घरों की तलाशी ली, उनके यंग लोग जितने थे 40-42 उनको गिरफ्तार किया, उनके घरों से सारे अस्त्र छीन लिए, लाठियां छीन लीं, उनको निहत्था कर दिया गया और उसके बाद 6 तारीख को जो पंचायत थी, उसमें पुलिस अधिकारियों ने जाकर कहा कि अब तुम लोग जो मर्जी हो कर सकते हो, वहां कुछ भी नहीं है। उपाध्यक्ष महोदय, सच्चाई यह है और उसके बाद 6 तारीख को कुम्हेर के अंदर 300 पुलिसकर्मी मौजूद थे। यह मैं नहीं कह रहा हूं। यह हमको वहां के डायरेक्टर जनरल, पुलिस ने बताया। वहां जब 300 पुलिसकर्मी 6 तारीख को मौजूद थे और यह कहते हैं कि सिर्फ 400-500 आदमी 6-7 टोलियों में आगे बढ़े। तो क्या 300 पुलिसकर्मी 6-7 टोलियों को नहीं रोक सकते थे? क्या यही स्थिति है राजस्थान प्रशासन और सरकार की कि 300 पुलिसकर्मी और जिसके कि अंदर आय. जी., डी.आय.जी., एस.पी मौजूद हों, वे 6-7 टोलियों को नहीं रोक सकें। लेकिन नहीं, सच्चाई यह नहीं है, वक्तव्य में सच नहीं। आदमी हजारों की तादाद में उस तरफ बढ़े। ट्रेक्टर ट्रालियों से बढ़े, पैदल बढ़े, पहाड़ों की तरफ से बढ़े, सड़कों की तरफ से बढ़े, गांव की तरफ से बढ़े, जंगल की तरफ से बढ़े और लोगों को मारा गया। पुलिस वालों ने, जो वहां 300 की तादाद में मौजूद थे, किसी आदमी को रोकने का प्रयास नहीं किया। अगर प्रयास किया होता, लाठी-चार्ज किया होता, अश्रुगैस छोड़ी होती गोली चलाई होती तो मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि जो नृशंस हत्याएं वहां दलितों की हुई हैं, उन गरीबों की हुई है वह कभी न होती। उनके लोगों को पकड़ कर, गिरफ्तार करके वहां बैठा दिया गया और बेचारे बुढ़ढों पर, बुजुर्गों पर, महिलाओं पर अत्याचार करके, उनको जान से मरवा दिया गया, कत्ल करवा दिया गया। इसमें पूरी तरह से सरकार इन्वोल्व है।

उपसभाध्यक्ष महोदया, इसके कई राजनीतिक कारण भी हैं, मैं उन राजनीतिक कारणों में नहीं जाना चाहता, लेकिन जो वक्तव्य में एक तारीख से छह तारीख तक की घटना को इस रूप में प्रचारित करने, प्रसारित करने, संसद को धोखा देने का प्रयास किया गया है, उस पर मैं बताना चाहता हूं। थोड़ा

[डा० अबरार अहमद]

आगे बढ़िए, 6 तारीख को तो उन्होंने इस तरह से 13 लोगों को मौत के घाट उतारा, हजारों लोगों के घर जला दिए। उसके बाद 7 तारीख को राजस्थान सरकार के गृहमंत्री वहां मौजूद थे, राजस्थान सरकार के डायरेक्टर जनरल पुलिस वहां मौजूद थे, 5 और 6 तारीख की जिस तरह की घटना का जिक्र था और पैरा-मिलटरी फोर्स और पुलिस पहुंच गई थी, उसके बाद 7 तारीख को तीन जवान दलितों को मौत के घाट उतार दिया गया और वह भी उन सबके वहां होने के बावजूद और बीसियों घर जला दिए गए, जो सिर्फ मैं नहीं कह रहा हूं, इस वक्तव्य में भी इन्होंने कहा है। तो 5 तारीख से 7 तारीख तक नर-संहार चलता रहा।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Please be brief and conclude. You have taken a lot of time.

डा० अबरार अहमद : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदया, सच्चाई सदन के सामने आनी चाहिए, देश के सामने आनी चाहिए और देश को गुमराह करने वाले, संसद को गुमराह करने वाले और गृहमंत्री जी को गुमराह करने वाले इस वक्तव्य का पर्दाफाश होना चाहिए। यह उन गरीबों की पुकार है, उन दलितों की पुकार है, जिनके यहां किसी के सिर से उसके बाप का साया छिन्न गया, किसी का सुहाग उजड़ गया, किसी बहन के भाई छिन्न गए। उनकी आवाज और सच्चाई अगर देश तक नहीं पहुंची तो शायद यह देश हमें माफ नहीं करेगा।

महोदया, 7 तारीख की घटना के बाद इसके अंदर राहत के बारे में बड़ी-बड़ी चर्चाएं की गई हैं कि इतनी राहत सामग्री बांटी। महोदया, 10 तारीख को जब हम वहां पहुंचे तो जाकर देखा कि सैकड़ों लोग बिना घरबार के सड़कों पर पड़े हुए थे, जिनके पास खाने को रोटी नहीं, जिनके पास रहने को छप्पड़ नहीं। जब मैंने वहां एक दृश्य देखा, न सिर्फ मेरे बल्कि मेरे साथ जितने लोग थे सबके रौंगटे खड़े हो गए। एक महिला, जिसके ससुर और सास की हत्या कर दी गई थी, जिसके घर हम 10,000/- रुपए, जो माननीय नरसिंह राव जी ने कांग्रेस कमेटी की तरफ से सहानुभूति के रूप में देने के लिए भेजे थे, जब हम उसके घर गए तो वहां, जिसके घर के अंदर दो मौतें इस प्रकार हो गई थीं वहां वह महिला उल्टी पड़ी हुई थी और कराह रही थी। उसका पति पास में खड़ा हुआ था, उससे हमने मालूम किया तो उसने कहा कि इसकी रीड़ की हड्डी टूट गई है मारने से, लेकिन आज तक कोई इलाज करने वाला नहीं आया। इस बयान में मैडिकल एड देने की बात की गई है। घटना 10 तारीख की है, सारे कुम्हेर को पता है, भरतपुर जिले को पता है और हम वहां बी.जे.पी. और वहां के प्रशासनिक अधिकारियों को बात करके आए, उस महिला का नाम पता बता कर आए, घर बताकर आए कि इसका इलाज करो। ऐसे तो सैकड़ों हैं, किसी की अंगुली कटी, किसी का हाथ कटा, किसी का पैर कटा, किसी को जख्म लगे, इनका कोई इलाज नहीं और यहां कहते हैं कि हमने वहां राहत पहुंचाई है। खाने-पीने की सामग्री 6 तारीख को इतनी, 7 तारीख को इतनी, 8 तारीख को इतनी, 10 तारीख को इतनी, मगर कहां गई वह सामग्री? यह तो उन पर डबल अत्याचार है। उन्हें राहत सामग्री नहीं दी और वह सामग्री वहां के प्रशासनिक अधिकारी और सरकार के कुत्ते खा गए।

महोदया, इसके साथ ही यह अन्याय और अत्याचार तो उन लोगों के साथ हुआ ही हुआ, उनको राहत सामग्री क्यों नहीं दी गई? उसके बाद अगर आप इसके अंदर देखें तो सरकार ने जो एक्शन लिया, जो कार्यवाही की उनके अंदर मात्र वहां के कुछ अधिकारियों का स्थानान्तरण किया। क्या स्थानान्तरण कोई सजा हुई? अभी एक माननीय सदस्य कह रहे थे और वह सही था कि जो ट्रक्टर ट्राली उसके अंदर यूज की गई, क्या पुलिस अधिकारियों ने उनको नहीं देखा होगा? क्या उन पर

नबर नहीं थे? क्या उनको बाद में नहीं पकड़ा जा सकता था? कितनी ट्रेक्टर ट्राली पकड़ी? यह कहते हैं कि छह-सात ट्रेक्टर ट्राली थी। क्या यह सरकार को कस्टडी में है वह छह सात ट्रेक्टर ट्राली? क्या पुलिस और पुलिस अधीक्षक की आंखों पर पट्टियां बंध गई? वहां पेट्रोल पंप से सरेआम उनको पेट्रोल दिया गया। क्या उस पेट्रोल पंप को बंद नहीं कर सकते थे? अगर उसके बावजूद भी उसको मकानों को चलाने के लिए उन गाड़ियों के अंदर पेट्रोल दिया गया तो क्या उस पेट्रोल पंप वाले के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा सकती थी? उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सकता था? आप एक्शन की बात करते हैं, कार्यवाही की बात करते हैं, लेकिन यह असत्य और दिखावा मात्र है, यह मात्र एक राजनीतिक छलावा है क्योंकि भरतपुर के अंदर, जो मेरी जानकारी में है चूंकि मैं राजस्थान का रहने वाला हूं, भरतपुर एक ऐसा जिला है कि वहां न भारतीय जनता पार्टी के साथ जाट हैं और न जाटव हैं। बहुत दिनों से इनकी निगाह थी कि किस तरह से राजनैतिक प्रपंच रचा जाए, जिसमें जाट या जाटव में से कोई इनके साथ रहे। इनकी राजनीति में इस में षडयंत्र के अंदर और इस घिनौने खेल में किस हद तक यह कामयाब हुए?

5.00 P.M. और इस घिनौने कामयाबी के लिए मैं इनको मुबारकबाद देना चाहता हूं कि खून की होली खेलकर, वोटों की राजनीति करके जाट या जाटों में से एक को साथ लेकर के एक तारीख से 7 तारीख तक घटना होती रही लेकिन इन लोगों ने आंखों पर पट्टी बांध ली और बेचारे बेगुनाहों को मरने के लिए छोड़ दिया! .. (घंटी) .. तो मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि यह जो सरकार है, यह उस सरकार का कोई पहला खेल नहीं है, यह पहले जयपुर में खून की रंगोलियां खेल चुकी है, उसकी आदत पड़ गई है। तो मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि जो सरकार इस तरह से खून से रंगोलियां खेलती है, गरीबों पर जुल्म कराती है, कफर जलाती है, अपने पुलिस के अधिकारियों से जलवाती है, प्रशासनिक अधिकारियों से जलवाती है, उस सरकार को कोई अधिकार नहीं है कि वह सरकार में बनी रहे। तो माननीय गृह मंत्री जी, आप इस बात को देखें और उस सरकार को बर्खास्त करने की मैं आपसे मांग करता हूं क्योंकि उस सरकार को कोई अधिकार नहीं है कि राजस्थान के अंदर वह सत्ता में रहे और जिन गरीबों को आज तक राहत नहीं मिली है या जो तड़प रहे हैं या सरकार की तरफ देख रहे है कि हमारे को कोई मदद पहुंचाए, उनको तत्काल आप मदद पहुंचाएं। धन्यवाद।

SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR (Nominated): Madam, I have gone through the statement given by the hon. Home Minister. It was by way of a special mention that I have raised this issue in this House. I won't go into the details as to what has happened because I have mentioned all those things at the time of making the special mention. I will straightway come to the point.

I would like to know whether the SP and the District Magistrate were given orders on telephone that they have been transferred. This is number one.

Secondly, I would like to know whether the Home Minister and the IG, both were at Bharatpur on the 5th and 6th when this incident took place.

Thirdly, on the day when the Panchayat meeting took place, some MLAs and MPs were present over there. Who were those MLAs and MPs and to which party do they belong"

Lastly, the statement mentions something about the amount of money that has been distributed by way of relief. You are aware that

[Shri Prakash Yashwant Ambedkar]

I have written one letter to you regarding a woman in the Bharatpur hospital who was not attended to properly. This woman was injured in the said riot. Now, she has developed a maggot in her left leg. Even the medical team which had gone from Delhi to see the injured, have submitted a report to the Home Minister stating what kind of medical treatment has been given. I would like to know from the hon. Home Minister whether the report which has been given to you by the State Government and the information collected by the CBI, both of them, tally. May I know whether the State Government is involved in this incident or not? I know, from time immemorial, there have been riots throughout this country, right through the ages. I am not going to make any serious attempt to suggest how to correct this position and when I come to the question of correcting the position, I would suggest that it is not just by controlling the riots or by giving some help to the victims, but by coming to the crux of the issue since we have a social system which believes in the superiority of some persons over others, which believes in the superman theory and due to this theory, some people feel that they are superior to others. This kind of attitude which has developed over a period of time has given rise to a belief that there are some communities which should remain as slaves. Are you going to correct this line of thinking or not? Are you going to attack it or not? If you are not going to attack it, let me warn you—Mr. Jogi was one who got agitated and who revolted. I know today this is one incident. It was emotional. But let me tell you there are people who are unemotional outside. I had gone there at that time also. He had made very great efforts. All the team have made very great efforts to see that there is no retaliation. I know what Jatavs can do. They are manufacturers of crackers, as has been stated. Had not the team visited, there would have been more carnages of this kind. Let me warn those people who believe in this theory and those who think that they will have the *dalits* and the tribals at their disposal, that it may be in their interest to be their masters. I think the revolt against them was started by my grandfather and also by others —the hon. Member Shri Sushil Kumar Shinde referred to it and he went to the extent of renouncing the religion. But let me tell you that renouncing of that religion had one more issue which he had mentioned. He said that we have secularism in this country, we have a totalitarian attitude in this country and in this type of totalitarian attitude which we see today, unless these forces are democratised, we don't have social equality and those who labour under social inequalities will one day start revolting as we have seen there. Jogi was revolting against it; the Chair was very much agitated by the attitude, but I will say that was his voice, inner voice, which he was speaking out. Therefore, I appeal to the hon. Home Minister let us make an attempt—I know there have been atrocities, as I have said—and once and for all define that if in any State where the Government perpetuates or is party to the atrocities committed, there we will use article 356. I know many of them will not agree to it. We have dismissed Governments on flimsy ground. This is a solid ground on which we can act. And if your CBI report is right—I have information that it has been delivered to you—wherein it has been stated that the Government machinery is involved, I would say, let the masses know, let those people who are committing it know that the Government will not hesitate to use article 356 against that State. Let me tell you one thing that we had a boundary dispute in sixties, a State dispute, if I may call it. Morarji Desai was the Chief Minister and there were riots, but he controlled the riots within a few hours. Wherever riots took place, he had immediately fined those villages and in those days

the fine which were collected were more than a lakh of rupees. The agitation went on, but no killing took place, no fire took place and no property was burnt. That was the way in which he controlled the State issue, the Gujarat-Maharashtra State issue, a bilingual State issue. I request the hon. Home Minister to think on the line of puttng a fine on those villages which participate in this kind of atrocities.

Last but not the least. I know no machinery, no State Government, neither the police will be in a position to protect the Scheduled Castes and Scheduled Tribes as long as all of us are part and parcel of that BJP line which is thinking in terms of building Ram Mandir—I see Ram Mandir not as an anti-Muslim propaganda as it has been using it; but it is basically used to propagate the atrocities against dalits. Madam Vice-Chairman, I don't want to come to it now. May I ask the hon. Home Minister to provide arms licence to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes to protect themselves as long as this kind of things go on? And I do hope that the Government will definitely consider this time looking into the atrocities that have been committed. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Shrimati Satya Bahin.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR (Uttar Pradesh): How many Members will speak? Will all the listed Members speak?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): It is not like that; as long as time permits.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : दूसरी पार्टी को भी देना चाहिए। आप सारे कांग्रेस के ही खड़ी कर रही हैं ... **(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): I am sorry, there are a lot of Congress Members, Mr. Mathur. There are a lot of Members who are not called.

श्रीमती सत्या बहिन : अरे बहुत कुछ कह चुके हैं माथुर जी कम से कम बोलने तो दीजिए... **(व्यवधान)**

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : मैं प्रोसीजर पूछता हूं प्रोसीजर क्या है ? What is the procedure?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): The procedure is the discretion of the Chair.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आप खुल्लमखुल्ला कर रही है... **(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): The procedure is the discretion of the Chair.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आप डिस्क्रैशन कांग्रेस के पक्ष में कर रही हैं ... **(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): The procedure is the discretion of the Chair.

श्रीमती कमला सिन्हा (बिहार) : एक महिला खड़ी हुई तो आपको आपत्ति हो गई... **(व्यवधान)**

श्रीमती सत्या बहिन : आपकी सरकार ने तो यह झूठ का पुलिंदा भेजा है। आप क्या बोलेंगे इस पर ... **(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): There is no ceiling, Mr. Mathur. It is the discretion of the Chair.

कुमारी सरोज खापर्डे (महाराष्ट्र) : इतने गंभीर विषय पर एक महिला

[कुमारी सरोज खापर्डे]

बोलने के लिए खड़ी है यह भी आपको बरदाश्त नहीं होता... (**व्यवधान**) उस समाज की महिला बोलने के लिए खड़ी हो गई... (**व्यवधान**) Is it notatrocity on the *Mahila* by the BJP? (*Interruptions*)...

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: मैं तो सारे कांग्रेस वालों को महिलाएं मानने के लिए तैयार हूं... (**व्यवधान**)

SHRI P. SHIV SHANKER (Gujarat): If you disagree with her, she agrees with you that you don't have any allergy towards women.

श्रीमती सत्या बहिन: आपकी सरकार ने तो यह झूठ का पुलिंदा भेजा है आपको क्या अधिकार है बोलने का ... (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Satyaji, please be very brief now. (*Interruptions*)... Please be very brief.

श्रीमती सत्या बहिन: मैडम मैं बोल रही हूं वह बोलने नहीं दे रहे हैं तो मैं क्या करूं? मैडम, बड़े दुख और चिंता की बात है कि इसी सदन में और दूसरे सदन में भी दलितों की सामूहिक हत्याओं पर हम कई बार चर्चा कर चुके हैं। चाहे देश के किसी कोने में हुई हों, किस भी सरकार के शासित राज्य में हुई हों लेकिन क्या कभी इस पर विराम लगेगा, सवाल यह पैदा होता है। अत्याचार होते हैं, उस पर चर्चा होती है कानून बनते हैं लेकिन अमल नहीं हो पाता और फिर वही ढाक के तीन पात। सहोदया, आज इस चर्चा के दौरान सभी सदस्यों ने दलों से ऊपर उठकर बातें कीं और बहुत सी बातों का जिक्र किया मैं उन बातों को दोहराना नहीं चाहती लेकिन यह चाहती हूं कि सदन इस विषय पर कोई ठोस फैसला ले जिससे इन घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। सबसे चिंता की बात यह है कि जब अत्याचार होते हैं, हम चर्चा भी कर लेते हैं, दलों से ऊपर उठकर चर्चा कर लेते हैं लेकिन इसमें एक विशेष बात जो हुई है, मैं तो वहां घटनास्थल पर गई थी, आदरणीय शिंदे साहेब गए थे, और भी कई सदस्य गए थे। मैंने खुद वहां के पीड़ित लोगों की हालत और वेदना देखी और उसको बयान करने की ताकत मेरे अंदर नहीं है लेकिन सबसे निंदनीय और दर्दनाक बात जो है वह यह है कि पहली बात तो यह है कि माननीय गृह मंत्री जी की तरफ से जो स्टेटमेंट आया है, ये खुद घटनास्थल पर गए थे और क्या उन्होंने देखा पीड़ितों से मिले, क्या जानकारी उनको मिली इसका जिक्र इसमें नहीं है।

महोदया यह असत्य का पुलिंदा सिर्फ अपराधियों को बचाने के लिए लीपापोती करने के लिए और पूरी तौर से जो पीड़ित लोग हैं जो जाटव समुदाय के लोग हैं जो मारे गए हैं... जिनकी लड़कियों के साथ बलात्कार किया गया है, उन्हीं लोगों को हमलावर साबित करने का प्रयास किया गया है। यह निन्दनीय बात है। मैं पूरे सदन से इस बात का निवेदन करना चाहती हूं कि पूरा सदन इस कुकृत्य के लिए निन्दा प्रस्ताव रखे उस सरकार की भी निन्दा हो।

महोदया वैसे तो बात दलों से ऊपर उठकर करने की है, लेकिन दुख इस बात का है कि इस घटना में जो बताया गया है, वह बहुत कम है। पहली तारीख से 6 तारीख तक जो तांडव होता रहा, योजनाबद्ध रीति से होता रहा, पूरी उसकी प्लानिंग की गई, पंचायतें की गई और उस पंचायत में भारतीय जनता पार्टी की चुनी हुई सांसद जिन्होंने इसकी रूपरेखा बनाई और विधायक भी मौजूद थे...

श्री शिवचरण सिंह: (राजस्थान) यह गलत है, यह असत्य है। अगर वह गुनहगार साबित हो जाएं उनकी मौजूदगी

साबित हो जाए तो मैं इस्तीफा दे दूंगा नहीं तो आप इस्तीफा दे देंगी... **(व्यवधान)**

श्रीमती सत्या बहिन : मैं जरूर दूंगी। आपकी पार्टी हमलावर है... **(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Satyaji, please continue. Please make your concluding remarks. We have run out of time.

श्रीमती सत्या बहिन : इसमें भारतीय जनता पार्टी के सांसद् और विधायक थे। कोई भी पार्टी इस तरह के हत्याकांड में, इस तरह के अत्याचारों में शामिल नहीं होती। न केवल इनका इशारा था बल्कि ये लोग भी शामिल थे... **(व्यवधान)**

श्री शिवचरण सिंह : आपकी पार्टी के लोग भी वहां थे, जनता पार्टी के एम.एल.ए. थे... **(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Please seek clarifications. You please address the Chair. Please stop this. Please address the Chair and conclude.

श्रीमती सत्या बहिन : ये बीच में डिस्टर्ब कर रहे हैं, इनसे कहिए कि न करें। यह कुम्हेर नहीं है यह सदन है। इनसे कहिए कि यहां डिस्टर्ब न करें... **(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Please stop addressing other Members. Kindly conclude.

श्रीमती सत्या बहिन : कल्याण मंत्री जी वहां बैठे हुए हैं, यह सच्चाई है। देश के विभिन्न भागों से जो रिपोर्ट आ रही हैं उनमें भारतीय जनता पार्टी की सरकार सबसे बड़ी है अत्याचार करने में।

[illegible] महोदया मैं वहां पर गई हूं। भरतपुर के अस्पताल में इस वक्तव्य में बताया गया है कि दो व्यक्ति एक चिकित्सक दल ने भर्ती कराए हैं और 3 व्यक्ति दूसरे दल ने इस तरह से कुल 6 व्यक्तियों का इसमें जिक्र किया गया है। लेकिन मैंने खुद वहां पर देखा है आदरणीय शिंदे साहब भी वहां गए, और लोग भी गए हैं उन्होंने खुद देखा है कि कम से कम 20 व्यक्ति ऐसे हैं जो गंभीर रूप से घायल हैं, बेहोश हैं, बोल नहीं सकते। इसमें बताया गया कि ऐजिटेशन में तीन सौ से चार सौ लोग मारे गए। ...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Please conclude now. You must conclude now.

श्रीमती सत्या बहिन : महोदया, मैं बहुत संक्षेप में बोल रही हूं। मुझे बोलने का मौका दीजिए। चार सौ व्यक्ति वहां पर गए। यह कहा गया है तीन तारीख को वहां पर गाड़ी रोकी गई, उस स्टेंड पर गाड़ी रोकी गई, नारे लगाए गए। यह बिल्कुल असत्य है। यह कोई सच्चाई नहीं है। यह सिनेमा वाली घटना सही है कि वहां पर जमीन पर उनको जबरदस्ती बैठाने की कोशिश की गई। उन्होंने सिनेमा वालों से कहा कि अगर तुम हमको कुर्सी नहीं देते तो हमने पैसे खर्च किए हैं, हमको पैसे वापस कर दो।

पैसे नहीं दिए। मार-पीट कर भगा दिया। यह घटना पनवाड़ी से संबंधित है। जो पनवाड़ी में कांड हुआ था वह इलाका अभी भी जल रहा है। वह विस्फोट हो चुका है। मैं चेतावनी देती हूं कि अगर हमारी व्यवस्था नहीं संभली, यह कभी-कभी बेनकाब हो जाती है। और जो विस्फोट हो जाता है ...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): I am calling Mr. Obaidullah Khan Azmi.

श्रीमती सत्या बहिन : मैं सुझाव देना चाहती हूं । मेरा निवेदन यह है कि इस स्टेटमेंट में जो माननीय गृह मंत्री जी ने रखा है उसमें इस बात का कहीं जिक्र नहीं है । जो जाटव महिलाओं के साथ, छात्राओं के साथ जो दुर्व्यवहार हुआ जिसके संबंध में शिंदे साहब ने थोड़ा सा जिक्र किया, मुझ में ताकत नहीं कि मैं उसको बयान कर सकूं, जो उनके साथ हुआ है, सामूहिक बलात्कार लड़कियों के साथ, छात्राओं के साथ, महिलाओं के साथ, उसका कहीं जिक्र नहीं है । मैं निवेदन करना चाहती हूं कि जो पुलिस अधिकारी और दूसरे अधिकारी इसमें दोषी थे राज्य सरकार ने उनको इनाम दिया । मनचाहे पोस्टिंग दी । कहा, बेटा तुमने बहुत अच्छा किया, तुम कमाओ, खाओ और खुश रहो तुमने हमारी मनचाही कर डाली ।

मौलाना ओवैदुल्ला खान आजमी : दूसरी जगह भी करो ।

†[مولانا عبیداللہ خاں اعظمی : دوسری جگہ بھی کرو ۔

श्रीमती सत्या बहिन : हां, जाओ दूसरी जगह भी करो । पैट्रोल पम्प के बारे में कहना चाहती हूं . . .

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती जंयती नटराजन) : आप सुझाव नहीं दे रही हैं ।

श्रीमती सत्या बहिन : मैं गृह मंत्री जी से कहूंगी कि वह पेट्रोल मंत्री को लिखें कि उनका पेट्रोल पम्प खारिज हो । सिनेमाघर का लाइसेंस कैंसिल हो । इन लोगों की गिरफ्तारी हो । इसके साथ ही मैं निवेदन करना चाहूंगी कि भारतीय दंड संहिता में संशोधन किया जाए । आदरणीय कल्याण मंत्री जी बैठे हैं । उनसे कहना चाहती हूं कि अट्रोसीटीज रुक नहीं सकतीं इसलिए इसमें संशोधन किया जाए । जो गुनाहगार नहीं उनको अपने बेगुनाही का सबूत देना चाहिए । अट्रोसीटीज एक्ट पास हुआ था लेकिन मैं पूछना चाहती हूं अट्रोसीटीज एक्ट में कितने केस दर्ज हुए और कितने लोगों को सजा हुई ? अगर इसका सर्वे किया किया जाए तो ये आंकड़े ताज्जुब में डालने वाले होंगे ।

माननीय महिला सदस्य: महिला आयोग ने क्या किया ?

श्रीमती सत्या बहिन : मैं यह निवेदन करना चाहती हूं कि एस.सी.एस.टी. आयोग बना उसको भी सक्रिय होना चाहिए, महिला आयोग को सक्रिय होना चाहिए, वहां जाना चाहिए ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): I cannot allow you to speak any more. Please sit down.

श्रीमती सत्या बहिन : दस-दस हजार निहत्थे लोगों पर हमला करते हैं । कई बार ऐसा हो चुका है । मैं यह चेतावनी देना चाहती हूं कि अगर हमारी सामाजिक व्यवस्था, हमारी प्रशासनिक व्यवस्था चाहे राज्य सरकार की हो, चाहे केन्द्र सरकार की हो, नहीं चेती, तो जो कांड साडपुर और देवली में हुआ उसका बदला बहमई में हो सकता है, जो बहमई में हुआ पारसबीघा में हुआ उसका प्रतिकार गया में होता है तो उस तरह से आगे भी होता रहेगा । यह कहीं भी जाकर रुकेगा नहीं ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Please sit down.

श्रीमती सत्या बहिन : इन सब बातों की तरफ ध्यान देकर एक व्यवस्था ऐसी बनानी चाहिए और रोकने के लिए कोई खास सुझाव देने चाहिए और उन पर अमल होना चाहिए । मैं गृह मंत्री जी को आखरी निवेदन करना चाहती हूं कि अपने जवाब में वह बतायें जो उन्होंने वहां जाकर देखा । जो उन्होंने महसूस किया । यह नहीं कि झूठा पुलंदा जो मुख्य मंत्री ने दिया है गुनाहगारों को बचाने के लिए वही कहें बल्कि उसको बेनकाब करें । धन्यवाद ।

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी : शुक्रिया मैडम, वाइस चेयरमैन, कुम्हेर के दर्दनाक सूरतेहाल पर इस वक्त इस मोजिज हाउस में तमाम पार्टीज की तरफ दलितों पर होने वाले जुल्मोसितम के खिलाफ जबर्दस्त मजम्मत आ रही है। यकीनन जुल्म के खिलाफ मजलूम की हिमायत में बेगर्जी दिखलाते हुए खुदगर्जी को खत्म करते हुए सच्ची बात कहना इंसानियत और शराफत की अलामत है।

मैंने जो कुछ इस फसादात पर महसूस किया है, अभी हाउस में बैठे-बैठे उन्हें मैं दो तीन शेर की शक्ल में पेश करना चाहता हूं --

कुम्हेर की धरती पर तबाही का यह मंजर,
इंसानियत का कत्ल है, भारत का मर्डर,
गांधी के लहू चूसने वाले ये दरिन्दे,
मानवता के दुश्मन हैं, शैतान के लश्कर,
लटका दो उन्हें फांसी के फंदों पर नहीं तो,
मिट जाएगा भारत में अहिंसा का मुकद्दर।

मैडम वाइस चेयरमैन, इस कत्लोगारतगिरी की पूरी तफसील हमारे मुअज्जिज मैम्बरान ने पार्लियामेंट के जरिए हाउस में आपके सामने आ चुकी है। मुझे अफसोस है कि मरकजी हुकुमत के बयान पर जिसने हमेशा की तरह इस बार एक मरतबा फिर पूरे हाउस को दामे फरेब में लाने की कोशिश की है। मरकजी हुकुमत ने पार्लियामेंट में जो बयान दिया है वह गलतबयानी और गुमराह करने वाली रिपोर्ट पर एकसर मुसतमिल है। रह गई बात यह कि मरकजी हुकुमत ने यह रिपोर्ट राजस्थान की हुकूमत के इशारे पर दी है, उनके बताए हुए कागजात पर अपने दस्तखत कर दिए है या खुद मरकजी हुकूमत की अपनी राय है। मरकजी हुकूमत के पास अगर जमीर और गैरत नाम का चालीसवां हिस्सा बतौर खैरातों जकात मौजूद होगा, वह अपने मौकफ को वापस करेगी। मैं इस सिलसिले में यह अर्ज करना चाहूंगा कि जाति-पाति के नाम पर कुम्हेर में हुए फसाद को एक माह का अर्सा गुजर चुका है। एक फर्जी कहानी बना कर कुम्हेर के दलितों को उसी तरह बर्बाद किया गया है जिस तरह मुल्क के तमाम फसादात में मुल्क दुश्मन अनासिर और पुलिस में वर्दी के अंदर छुपे हुए वे दरिन्दे करते आ रहे है जिन्हें सिर्फ इंसानियत का खून चूस कर अपने शीश महल की तामीर करने में मजा आता है। जात बिरादरी के लोगों ने सौलह गांवों की बैठक बहरबाग चाबाड मंदिर के अन्दर 7-8 जून, 1992 की दोपहर में की और उसमें यह तय किया गया कि उस इलाके के दलितों का दिमाग आसमान पर पहुंच गया है, अब उन्हें मार कर दुरुस्त कर देना चाहिए। पंचायत के इस फ़ैसले के बाद फ़ौरन हथियार बन्द फ़सादी ट्रैक्टरों में पैट्रोल डिब्बों के साथ रवाना होते हैं। रास्ते में दलितों के खलियान और जलावन की लड़कियों को आग लगाते हुए आबादी में पहुंचते हैं। । देखते-देखते इंसानियत के आसयाने में आग लगती है। परचतमें सोले बुलन्द होकर इंसानियत की कराह और इंसानियत की लडफ़ने वाली सदा को पूरी दुनिया में मुजलूकों के हवाले कर देता है। जो लोग नहीं भाग सके, उन लोगों की उन फ़सादी इंसानियत के दुश्मन दरिन्दो ने मौके वारदात पर ही पकड कर बेदर्दी के साथ जिबह कर दिया। यह कार्यवाही तकरीबन सात घंटे तक चलती रही। मैं अपने मुअज्जिज नायम वजीरे दाखला से सफ़ाई के साथ यह पूछना चाहता हूं कि इनकी पुलिस उस सात घंटे में क्या राजस्थान छोडकर दिल्ली आ गई थी ? उस इलाके से क्या उस पुलिस ने अपनी वर्दी उतार कर खुद फ़साद करने वालों के साथ अपने को खरीखे सफ़र कर दिया था या वह पुलिस अंधी हो गई थी बहरी हो गई थी, गूंगी हो गई थी। खामोश तमाशाई बन कर पुलिस ने फ़सादियों का हौसला बढाया और मुअतबर जारीय से यह पता चला है कि पुलिस के जिम्मेदार अफसरान खुद उस फ़साद की आग को भड़काने में फसादियों का हौसला बढ़ा रहे थे। संथल गांव में तीन आदमी जिन्दा जला दिए गए। उस गांव में सिर्फ एक अकेली औरत हरदेई देवी रह गई जिसके दो बेटे, दो बहू और दो पोते अब तक गायब हैं। हैं। ऐसी सूरत में अब तो सिर्फ रस्मो-रिवाज की बात, जैसे अभी एक मेंबर

[मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी] साहबान ने भी कहा है सही कहा है कि जिस वक्त भी फसाद होते हैं, यहां घड़ियाली आंसू बहाकर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है । मैं पूछना चाहता हूं कि क्या इस फसाद में मरने वालों की रूहों के साथ भी यही खिलवाड़ हुकूमत करेगी या हुकूमत अपने फर्ज को निभायेगी ? आप शपथ ग्रहण करके, कानून की मर्यादा, कानून की इज्जत इसकी शपथ खा रखी है । मगर आज हिन्दुस्तान की सरजमीं पर कानून की मर्यादा जिस तरह से भंग हो रही है, कानून को जिस तरह से हर्फेगलत साबित किया जा रहा है और मरकजी हुकूमत और सूबाही हुकूमतें जिस तरह से बेवक्त तमाशाई बनकर हिन्दुस्तान के दस्तूर का मुंह चिढ़ा रहे हैं उससे पूरी दुनिया में हिन्दुस्तान का सेकुलरिज्म कलंकित होकर रह गया है । आज सारी दुनिया का दिलोदिमाग यह बन रहा है कि अब हिन्दुस्तान में कानून नाम की कोई चीज नहीं रह गयी । गुंडे दरिंदे, फसादी हिन्दुस्तान के कानून के आशियाने में भी आग लगा रहे हैं और हिन्दुस्तान की मानवता को जिबह कर रहे हैं । ऐसी सूरत में मैं नायब वजीरे दाखिला से दो-तीन सवाल करना चाहूंगा ।

पहला, क्या अभी कुम्हेर की सरजमीं पर तनाव बना हुआ है और अगर बना हुआ है तो उसे खत्म करने के लिये सरकार क्या कदम उठा रही है ?

दूसरा, आपने जो जज, न्यायिक जांच के लिये मुकर्रर किया है, उसकी रिपोर्ट सरकार पार्लियामेंट में कब तक रखेगी और उसकी रिपोर्ट कब आयेगी ?

तीसरा, सी०बी०आई०, की जो इन्क्वायरी मरकजी हुकूमत डाइरेक्ट करवा रही है, वह रिपोर्ट कब तक आयेगी और उसे पार्लियामेंट में सरकार कब रखेगी ?

चौथा है कि जिन पुलिस वालों ने लूट, कत्लो-गारद और आजगनी का माहौल बनाकर जुल्म किया है, उन्हें सरकार बरखास्त करके क्या जेल में डालेगी ?

पांचवां और आखिरी सवाल मेरा यह है, अभी शिन्दे साहब ने जो कुछ कहा मैं उसकी हरफ-बहरफ तस्दीक करता हूं । मगर मैं एक बात कहना चाहता हूं कि वे कांग्रेस पार्टी के जनरल सेक्रेटरी हैं, आल इंडिया जनरल सेक्रेटरी हैं । उनकी बड़ी तजुर्बेकार निगाहें हैं और वे पूरे मुल्क में दौड़ धूप करते हैं और काम करते हैं । दर्दमंदों के हालत बड़ी दर्दमंदी के साथ उन्होंने इस हाऊस के सामने पेश की है । मैं भी जनता दल का एक छोटा सा जनरल सेक्रेटरी हूं । हम-रुतबा, हम-ओहदा, इस पोर्टफोलियो की बुनियाद पर और इस पार्लियामेंट का मेंबर होने के नाते मैं सिर्फ एक बात कहना चाहता हूं कि शिन्दे साहब बड़ी दर्दमंदी से, बड़ी सच्चाई के साथ उस तबाही को महसूस करते हैं और उन्होंने अपने सदाये दर्दमंद को पार्लियामेंट के अंदर रखा और उन्होंने अपनी तकरीर में कहा कि यह बड़ी शर्मनाक बात है कि मुल्क में आजादी के बाद भी इंसानियत इस तरह कराह रही है और मजलूम आदमियों को खाहिशोद की सलीब पर लटका कर फांसी दी जा रही है । मैं सिर्फ अपनी एक बात नायब वजीरे दाखिला से कहना चाहूंगा कि शिन्दे साहब को इस शर्मनाक पहलू को देखते हुए दर्द उठा और उन्होंने इसे मैं शर्मनाक घटना बतलाया । मैं जानना चाहता हूं कि क्या इस शर्मनाक घटना पर हमारी मरकजी सरकार को भी शर्म आ रही है या नहीं आ रही है ? हर गैरतदार आदमी का सर आज शर्म से झुक रहा है । यह बात मैं इसलिये कह रहा हूं कि अयोध्या मसले पर भी इस मरकजी सरकार ने जिस बेशर्मी से, अदालत के हुक्म

के बावजूद अपने को जिम्मेदारियों से अलग रखा है, उससे भी पूरे मुल्क का सर शर्म से झुक गया है । कानून की मर्यादा को जिन्दा रखने के लिये यह सरकार क्या अपने फरायज को पूरा करेगी, यह मैं जानना चाहूंगा । आपका वक्त देने का बहुत बहुत शुक्रिया ।

مولانا عبید اللہ خاں اعظمی "اتر پردیش" شکریہ میڈم وائس چیرمین۔ کھیر کے دردناک صورت حال پر اس وقت اس معزز ہاؤس میں تمام پارٹیز کی طرف سے دلتوں پر ہونے والے ظلم وستم کے خلاف زبردست مذمت آرہی ہے۔ یقیناً ظلم کے خلاف مظلوم کی حمایت میں بے غرضی دکھلاتے ہوئے خود غرضی کو ختم کرتے ہوئے سچی بات کہنا انسانیت اور شرافت کی علامت ہے۔ میں نے جو کچھ اس فسادات پر محسوس کیا ہے۔ ابھی ہاؤس میں بیٹھے بیٹھے۔ انھیں میں دو تین شعر کی شکل میں پیش کرنا چاہتا ہوں۔

کھیر کی دھرتی پر تباہی کا یہ منظر
انسانیت کا قتل ہے۔ بھارت کا مرڑ
گاندھی کے لہو چوسنے والے یہ درندے
مانو تا کے دشمن ہیں شیطان کے لشکر
لٹکا دو انھیں پھانسی کے پھندوں پر ہیں تو
مٹ جائے گا بھارت میں اہنسا کا مقدر

میڈم وائس چیرمین۔ اس قتل وغارتگری کی پوری تفصیل ہمارے معزز ممبران پارلیمنٹ کے ذریعے ہاؤس میں آپ کے سامنے آچکی ہے مجھے افسوس ہے کہ مرکزی حکومت کے بیان پر جس نے ہمیشہ کی طرح اس بار بھی ایک مرتبہ پھر پورے ہاؤس کو دانم فریب میں لینے کی کوشش کی ہے۔ مرکزی حکومت نے پارلیمنٹ میں جو بیان دیا ہے۔ وہ غلط بیانی اور گمراہ کرنے والی رپورٹ پر یکسر مشتمل ہے۔ رہ گئی بات یہ کہ مرکزی حکومت نے یہ رپورٹ راجستھان سرکار کے اشارے پر دی ہے۔ ان کے بنائے ہوئے کاغذات پر اپنے دستخط کر دیئے ہیں۔ یا خود مرکزی حکومت کی اپنی رائے ہے۔ مرکزی حکومت کے پاس اگر ضمیر اور غیرت نام کا چالیسواں حصہ بھی بطور خیرات وزکوٰۃ موجود ہوگا۔ وہ اپنے موقف کو واپس کرے گی۔ میں اس سلسلہ میں یہ عرض کرنا چاہوں گا کہ ذات پات کے نام پر کھیر میں ہوئے فساد کو ایک ماہ کا عرصہ گزر چکا ہے۔ ایک فرضی کہانی بنا کر کھیر کے دلتوں کو اسی طرح سے برباد کیا گیا ہے جس طرح ملک کے تمام فسادات میں ملک دشمن عناصر اور پولیس میں وردی کے اندر چھپے ہوئے

†] Transliteration in Arabic Script.

پوچھنا چاہتا ہوں کہ ان کی پولیس اس سات گھنٹے میں کیا راجستھان چھوڑ کر دلی آگئی تھی۔ اس علاقے سے کیا اس پولیس نے وردی اتار کر خود فساد کرنے والوں کے ساتھ اپنے کو شریکِ سفر بنا لیا تھا۔ یا وہ پولیس اندھی ہو گئی تھی۔ بہری ہو گئی تھی۔ گونگی ہو گئی تھی۔ خاموش تماشائی بن کر پولیس نے فسادیوں کا حوصلہ بڑھایا۔ اور معتبر ذرائع سے یہ پتہ چلا ہے کہ پولیس کے ذمہ دار افسران خود اس فساد کی آگ کو بھڑکانے میں فسادیوں کا حوصلہ بڑھا رہے تھے۔ سنتھل گاؤں میں تین آدمی زندہ جلا دیئے گئے۔ اس گاؤں میں صرف ایک اکیلی عورت ہردیبی دیوی رہ گئی جس کے دو بیٹے۔ دو بہو۔ اور دو پوتے اب تک غائب ہیں۔

ایسی صورت میں اب تو صرف رسم و رواج کی بات جیسے ابھی ایک ممبر صاحب نے بھی کہا ہے اور صحیح کہا ہے کہ جس وقت بھی فساد ہوتے ہیں۔ یہاں گھڑیالی آنسو بہا کر معاملے کو رفع دفع کر دیا جاتا ہے۔ میں پوچھنا چاہتا ہوں کہ کیا اس فساد میں مرنے والوں کی روحوں کے ساتھ بھی یہی کھلواڑ حکومت کرے گی یا حکومت اپنے فرض کو نبھائے گی۔

وہ درندے کرتے آرہے ہیں جنھیں صرف انسانیت کا خون چوس کر اپنے شیطانی محل کی تعمیر کرنے میں مزہ آتا ہے۔ ذات برادری کے لوگوں نے سولہ گاؤں کی بیٹھک بہر باغ چاوڑ مندر کے اندر سات، آٹھ جون ۱۹۹۲ء کی دوپہر میں کی۔ اور اس میں یہ طے کیا گیا کہ اس علاقے کے دلتوں کا دماغ آسمان پر پہنچ گیا ہے۔ اب انھیں مار کر درست کر دینا چاہئے۔ پنچایت کے بعد فیصلے کے بعد فوراً ہتھیار بند فسادی ٹریکٹروں میں پٹرول کے ڈبوں کے ساتھ روانہ ہوتے ہیں۔ راستے میں دلتوں کے کھلیان اور جلاون کی لکڑیوں کو آگ لگاتے ہوئے آبادی میں پہنچتے ہیں۔ دیکھتے ہی دیکھتے انسانیت کے آشیانہ میں آگ لگتی ہے۔ پرچم شعلہ سُرخ بلند ہو کر انسانیت کی کراہ اور انسانیت کی تڑپنے والی صدا کو پوری دُنیا میں مظلومیت کے حوالے کر دیتا ہے۔ جو لوگ نہیں بھاگ سکے۔ ان لوگوں کو ان فسادی انسانیت کے دشمن درندوں نے موقع واردات ہی پر پکڑ کے بے دردی کے ساتھ ذبح کر دیا۔ یہ کارروائی تقریباً سات گھنٹے تک چلتی رہی۔ میں اپنے معزز نائب وزیر داخلہ سے صفائی کے ساتھ یہ

سرکار پارلیمنٹ میں کب تک رکھے گی اور اس کی رپورٹ کب آئے گی۔

تیسرا میں یہ آپ کی توجہ دلانا چاہتا ہوں کہ حکومت ڈائریکٹ کروا رہی ہے۔ وہ رپورٹ کب تک آئے گی اور اسے پارلیمنٹ میں سرکار کب رکھے گی۔

چوتھا یہ ہے کہ جن پنچایتوں والوں نے اور جن آفیسروں نے آگ زنی کا ماحول بنا کر تسلیم کیا ہے۔ انہیں سرکار برخاست کر کے کیا جیل میں ڈالے گی۔

